रोहतक
शनिवार 7 फरवरी 2026
फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष, षष्ठी वर्ष : 30, अंक : 04
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 24.9
न्यून. 6.6

haribhoomi.com

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | उछाल |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 83,580.40 | 266.47 ▲ |
| निफ्टी | 25,693.70 | 50.90 ▲ |
| **धातु** | **कीमत** | **तेजी** |
| सोना | 1,58,000/- | 3000/- ▲ |
| चांदी | 2,46,000/- | 5800/- ▲ |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | नीचे/ऊपर |
|---|---|---|
| रुपया | 90.70 | 36 पैसे ▼ |

क्रूड ऑयल 68.48 बैरल 1.38% ▲

पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।




अंडर-19 वर्ल्ड कप

# वैभवशाली जीत

## भारत 6वीं बार वर्ल्ड चैंपियन | इंग्लैंड को 100 रन से दी मात, सूर्यवंशी का शतक

एजेंसी ▶▶| हरारे


भारत ने छठी बार अंडर-19 वर्ल्ड कप जीत लिया है। टीम ने शुक्रवार को इंग्लैंड पर 100 रनों की बड़ी जीत हासिल की। हरारे स्पोर्ट्स क्लब में भारतीय टीम ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनी। टीम ने 50 ओवर में 9 विकेट पर 411 रन बनाए। भारतीय ओपनर वैभव सूर्यवंशी ने 80 बॉल पर 15 चौके और 15 छक्कों के सहारे 175 रन बनाए। कप्तान आयुष म्हात्रे ने 53 रनों की पारी खेली। सेबेस्टियन मॉर्गन और एलेक्स ग्रीन ने 2-2 विकेट झटके। 412 रन का टारगेट चेज कर रही इंग्लिश टीम 40.2 ओवर में 311 रन पर ऑलआउट हो गई। आरएस अंबरीश ने 3 विकेट झटके। कालेब फॉल्कनर ने 115 रन बनाए। वे एक छोर से डटे रहे, लेकिन दूसरे छेर से विकेट गिरते रहे। जोकि इंग्लैंड की हार का कारण बना।

### सर्वाधिक खिताबी मुकाबले खेलने का रिकॉर्ड

इसमें कोई शक नहीं है कि भारत का अंडर-19 विश्व कप में हमेशा ही दबदबा रहा है। दिलचस्प बात यह है कि भारत अंडर-19 विश्व कप के 16 सत्र में से 10 बार खिताबी मुकाबले में पहुंच चुका है जो सर्वाधिक है। भारत ने लगातार छठी बार खिताबी मुकाबले में प्रवेश किया था। टीम ने 2016, 2018, 2020, 2022, 2024 और 2026 में खिताबी मुकाबले में प्रवेश किया। यह आंकड़ा ये बताने के लिए अपने आप में काफी है कि भारतीय टीम का अंडर-19 में कोई सानी नहीं है। यहां तक कि ऑस्ट्रेलिया टीम भी भारत से काफी पीछे है। ऑस्ट्रेलिया ने छह बार अंडर-19 टीम के फाइनल में जगह बनाई है और चार बार खिताब जीता है।

### टूर्नामेंट में अजेय रही भारतीय टीम

- भारतीय टीम पूरे टूर्नामेंट के दौरान अजेय रही। पहले मैच में अमेरिका को छह विकेट से हराया।
- इसके बाद बांग्लादेश को 18 रन से मात देकर सुपर सिक्स चरण में पहुंची।
- ग्रुप चरण के आखिरी मैच में भारत ने न्यूजीलैंड को डीएलएस प्रणाली से सात विकेट से हराया।
- ग्रुप चरण में दमदार प्रदर्शन के बाद भारत ने सुपर सिक्स चरण में जिम्बाब्वे को 204 रनों के बड़े अंतर से हराया।
- फिर चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को 58 रन से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।
- भारत ने सेमीफाइनल में अफगानिस्तान को सात विकेट से हराकर फाइनल में जगह बनाई।
- अब इंग्लैंड को हराकर खिताब अपने नाम किया।



वैभव की चमक के आगे सब फीके

175 रन 80 गेंद 15 चौके 15 छक्के

### सूर्यवंशी फाइनल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बने

वैभव अंडर-19 वर्ल्ड कप फाइनल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। वैभव ने इंग्लैंड के खिलाफ 175 रन की पारी खेली। इससे पहले यह रिकॉर्ड भारत के ही उन्मुक्त चंद के नाम था, जिन्होंने 2012 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नाबाद 111 रन बनाए थे। तीसरे नंबर पर ऑस्ट्रेलिया के ब्रेट विलियम्स हैं। उन्होंने 1988 में पाकिस्तान के खिलाफ 108 रन बनाए थे। वैभव अंडर-19 वर्ल्ड कप की एक पारी में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने पारी में 15 छक्के लगाए। इससे पहले यह रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलिया के माइकल हिल के नाम था, जिन्होंने 2008 में नामीबिया के खिलाफ 12 छक्के लगाए थे, जबकि क्रेग सिमंस ने 2002 में केन्या के खिलाफ 11 छक्के लगाए थे।

जुमे की नमाज के दौरान ब्लास्ट, 169 से अधिक घायल

# पाकिस्तान में शिया मस्जिद में आत्मघाती हमला, 31 की मौत

इस्लामाबाद में इमरजेंसी घोषित

एजेंसी ▶▶| इस्लामाबाद

पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में जुमे की नमाज के दौरान शिया मस्जिद (इमामबाड़ा) में आत्मघाती हमला हुआ। पाकिस्तानी अखबार द डॉन के मुताबिक, हमले में 31 लोगों की मौत हो गई है और 169 घायल हुए हैं। पाक मीडिया रिपोर्ट्स में 69 मौतों की जानकारी आई थी। पुलिस और रेस्क्यू टीम घटनास्थल पर पहुंच चुकी है और राहत का काम शुरू कर दिया है। अस्पतालों को अलर्ट पर रखा गया और घायलों को वहां पहुंचाया जा रहा है। इस्लामाबाद के पुलिस चीफ ने पूरे शहर में इमरजेंसी घोषित कर दी है। अधिकारियों को आशंका है कि हताहतों की संख्या बढ़ सकती है। अभी तक किसी संगठन ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।



**जरदारी बोले- ये हमला इंसानियत के खिलाफ**

पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने धमाके में मारे गए लोगों के लिए शोक जताया है। उन्होंने कहा कि बेगुनाह लोगों को निशाना बनाना इंसानियत के खिलाफ है। जरदारी ने घायलों के जल्द ठीक होने की दुआ की और अधिकारियों को निर्देश दिए कि घायलों को हर संभव बेहतर इलाज की सुविधा दी जाए।

**मंत्री ने कहा- ऐसी घटनाएं देश का हौसला नहीं तोड़ सकती**

संसदीय मामलों के मंत्री डॉ. तारिक फजल चौधरी ने सोशल मीडिया पर लिखा कि इस्लामाबाद में हुए धमाके की मैं कड़ी निंदा करता हूं। इस हमले में मारे गए लोगों के लिए दुखी हूं। ऐसी आतंकी घटनाएं देश और लोगों का हौसला नहीं तोड़ सकती। जरूरत है कि हम सब मिलकर शांति के लिए एकजुट हों और कानून व्यवस्था संभालने वाली एजेंसियों के साथ मजबूती से खड़े रहें।

## दिल्ली जल बोर्ड के गड्ढे में गिरकर बाइक सवार की मौत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** वेस्ट दिल्ली के जनकपुरी इलाके में दिल्ली जल बोर्ड की कंस्ट्रक्शन साइट पर खोदे गए 15 फीट गहरे गड्ढे में गिरने से एक मोटरसाइकिल सवार की मौत हो गई। हादसा गुरुवार देर रात को हुआ। मृतक की पहचान कैलाशपुरी निवासी कमल भयानी (25) के रूप में हुई है, जो एक प्राइवेट बैंक के कॉल सेंटर में काम करता था। सुबह करीब 8 बजे पीसीआर कॉल मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस के मुताबिक गड्ढा डीजेबी ने कंस्ट्रक्शन के लिए खोदा था और सड़क कुछ दिनों से बंद थी। पुलिस घटना के सभी पहलुओं की जांच कर रही है। कैबिनेट मंत्री परवेश साहिब सिंह वर्मा ने कहा कि दिल्ली जल बोर्ड के तीन अधिकारियों को सस्पेंड किया गया है। इनमें एग्जीक्यूटिव इंजीनियर, असिस्टेंट इंजीनियर और जूनियर इंजीनियर शामिल हैं। साथ ही प्रोजेक्ट कंपनी पर कार्रवाई होगी।

**तीन इंजीनियर सस्पेंड कंपनी पर भी कार्रवाई**

**परिवार बोला, रातभर पुलिस के चक्कर काटे, मदद नहीं मिली**

मृतक के जुड़वां भाई करण ने बताया- हम तीन भाई हैं और हम दोनों जुड़वां हैं। हम कल रात से उसे ढूंढ रहे थे, अलग-अलग इलाकों में घूम रहे थे। हम 7-8 पुलिस स्टेशन गए, लेकिन किसी ने हमारी मदद नहीं की और शिकायत भी दर्ज नहीं की। करण ने कहा कि सुबह मैंने उसको फोन किया तो पुलिस ने फोन उठाकर हमें बताया कि वह मरा हुआ मिला है।

हरिभूमि राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
पाठक सर्वे योजना हरियाणा
माह : फरवरी
दिनांक : 7 फरवरी 2026

**खबर संक्षेप**

### इंडिगो फ्लाइट की मुंबई में इमरजेंसी लैंडिंग

**मुंबई।** मुंबई एयरपोर्ट पर शुक्रवार को इंडिगो एयरलाइंस के एक विमान में लैंडिंग के दौरान तकनीकी दिक्कत आ गई। विमान के लैंडिंग गियर के लीवर में समस्या थी। यह विमान ए321 नियो था, जो फ्लाइट नंबर 6ई2157 के रूप में उड़ान भर रहा था। इसमें 210 से ज्यादा यात्री सवार थे। हालांकि, पायलट की समझदारी से विमान सुरक्षित रूप से एयरपोर्ट पर लैंड करा लिया गया। सूत्रों के अनुसार, लैंडिंग गियर का ऑटोमैटिक सिस्टम काम नहीं कर रहा था। *एजेंसी*

### ऑनलाइन फ्रॉड में रिजर्व बैंक देगा सिर्फ 25000 रु.

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन फ्रॉड के मामले में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) नए नियम लाने वाला है। रिजर्व बैंक के मुताबिक अगर किसी ग्राहक के साथ छोटा-मोटा ऑनलाइन फ्रॉड होता है तो उसे कुछ आर्थिक मदद दी जाएगी। हालांकि, इसकी लिमिट तय होगी। नए नियमों के मुताबिक अगर आपके साथ कभी ऑनलाइन धोखाधड़ी होती है और आपके पैसे डूब जाते हैं, तो आरबीआई आपको 25,000 रुपये तक की मदद दे सकता है। *एजेंसी*

जालंधर में गुरुद्वारे के बाहर हमला

# पंजाब में आप नेता सतिंदर पाल की 6 गोलियां मारकर हत्या

**जालंधर (एजेंसी)।** पंजाब के सत्ताधारी आम आदमी पार्टी (आप) के नेता सतिंदर पाल सिंह जोगी उर्फ लक्की ओबरॉय की शुक्रवार सुबह जालंधर में सरेआम गोलियां मारकर हत्या कर दी गई। वे 43 साल के थे। स्कूटी पर आए दो युवकों ने उन्हें 6 गोलियां मारीं। इनमें से 5 गोलियां ओबरॉय के सीने और एक सिर में लगी। लक्की ओबरॉय जालंधर के पॉश एरिया, मॉडल टाउन इलाके में गुरुद्वारे में माथा टेकने आए थे। जैसे ही वे गुरुद्वारे से निकलकर अपनी थार गाड़ी में बैठने लगे तो एक बदमाश ने उन पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। गोलियां चलते हुए का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। जिसमें शूटर दोनों हाथ में पिस्टल लेकर फायरिंग करता हुआ दिख रहा है। ओबरॉय का परिवार उन्हें गंभीर हालत में मॉडल टाउन के प्राइवेट अस्पताल लेकर पहुंचा। वहां डॉक्टरों के मृत घोषित कर देने पर परिवार को भरोसा नहीं हुआ और ओबरॉय को श्रीराम अस्पताल ले जाया गया। हालांकि वहां भी उन्हें मृत बताया गया। ओबरॉय आम आदमी पार्टी से जालंधर कैंट में वार्ड-35 के हलका इंचार्ज थे। उनका 11 दिन पहले ही बर्थडे था।



स्कूटी पर आए दो युवकों ने की वारदात

**गैंगस्टर जोगा फोलड़ीवाल ने ली हमले की जिम्मेदारी**

गैंगस्टर जोगा फोलड़ीवाल ने ओबरॉय के मर्डर की जिम्मेदारी ली। उसने सोशल मीडिया पर लिखा- यह हमारे भाइयों को नुकसान पहुंचा रहा था। उसका जवाब आज हमने दे दिया है। खालसा कॉलेज की प्रधानगी को लेकर यह सब कुछ हुआ है। कत्ल के बाद डीजीपी गौरव यादव जालंधर पहुंचे। उन्होंने कहा कि इस केस को एक प्रोफेशनल तरीके से सॉल्व किया जाएगा। पुलिस को इसमें टारगेट किलिंग का शक है।

## मणिपुर में नई सरकार बनते ही भड़की हिंसा

**इंफाल (एजेंसी)।** मणिपुर में नई सरकार बनते ही चुराचांदपुर जिले में हिंसा भड़क गई। नए उपमुख्यमंत्रियों नेम्चा किप्गेन और लोसी दिखो के शपथ ग्रहण के खिलाफ प्रदर्शन हिंसक हो गया। जिले के तुइबोंग मेन मार्केट इलाके में सैकड़ों युवा प्रदर्शनकारियों ने सुरक्षाबलों को वापस उनकी बैरक में धकेलने की कोशिश की। जब सुरक्षाबलों ने बात मानने से इनकार कर दिया तो पत्थरबाजी शुरू हो गई। कुछ लोगों ने सड़क के बीच में टायर जला दिए। आदिवासी संगठन जॉइंट फोरम ऑफ सेवन ने कुकी-बहुल चुराचांदपुर में शुक्रवार सुबह 6 से 12 घंटे का बंद बुलाया है। वहीं, कुछ संगठनों ने नेम्चा किप्गेन को मारने वाले को 20 लाख और विधायकों एलएम खाउते, एन सेनाते को मारने वाले को 10-10 लाख इनाम देने का ऐलान किया है।

डिप्टी सीएम नेम्चा, लोसी और किप्गेन का विरोध

## फिल्म 'घूसखोर पंडित' पर विवाद, निर्देशक पर केस

**नई दिल्ली/मुंबई (भाषा)।** हिंदी फिल्म घूसखोर पंडित के नाम को लेकर शुक्रवार को विवाद खड़ा हो गया। नेताओं और सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं ने इसे जातिवादी बताया, जिसके बाद फिल्म निर्माता नीरज पांडे और मुख्य अभिनेता मनोज बाजपेयी को स्पष्टीकरण जारी करना पड़ा। उन्होंने कहा कि उनका इरादा किसी को ठेस पहुंचाना नहीं था और वे फिल्म से संबंधित सभी प्रचार सामग्री वापस ले रहे हैं। फिल्म का टीजर जारी होने के बाद, इसके नाम ने सोशल मीडिया पर भारी रोष पैदा कर दिया, जिसमें कई उपयोगकर्ताओं ने कहा कि इसमें एक विशेष समुदाय को गलत तरीके से दिखाया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर फिल्म के निर्देशक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

एक समुदाय को विशेष तरीके से दिखाने का आरोप

## धुंध के कारण गेहूं की फसल में पीलापन

**फतेहाबाद (हरिभूमि न्यूज)।** जनवरी-फरवरी महीने में तापमान कम रहने और लगातार बादल या धुंध छाए रहने के कारण गेहूं की पछेती फसल में पीलापन आना शुरू हो गया है। 8 डिग्री से कम तापमान रहने के कारण फसल में नीचे की दो पत्तियों को छोड़कर अन्य पत्तियों का हरा रंग उड़कर हल्का होना शुरू हो जाता है। फिर पत्तों के मध्य में सफेद या हल्के-पीले रंग के छोटे धब्बे बन जाते हैं। इस कारण से इन फसलों में बालियां देर से आने व उनमें बढ़ोतरी कम रहने का अंदेशा बना रहता है, जिससे पैदावार में कमी भी हो सकती है।

**आगे ऐसा रहेगा मौसम :** प्रदेश में आज से हल्के बादल छाने और पश्चिमी विक्षोभ का असर दिखाई देगा। 9 और 10 को हल्की बूंदाबांदी हो सकती है। तापमान भी गिर सकता है।

किसानों की बढ़ी चिंता बालियों में दाना कमजोर

## रोहतक में आईपीएस के पिता ने गोली मारकर की खुदकुशी

**रोहतक (हरिभूमि न्यूज)।** आईपीएस राहुल बल्हारा के पिता जयपाल ने खुद को गोली मारकर सुसाइड कर लिया। शुक्रवार की शाम को वे अनाज मंडी में दुकान के बाहर कुर्सी पर बैठे थे। इस दौरान उन्होंने अपनी लाइसेंसी पिस्टल निकाली और सिर में गोली मार ली। गोली लगने से ही वे कुर्सी से नीचे गिर गए। गोली चलने की आवाज सुनकर आसपास के दुकानदार मौके पर पहुंचे और लहूलुहान हालत में पड़े जयपाल को उठाया। पुलिस को सूचना देने के साथ ही उन्हें तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर शिवाजी कॉलोनी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में पीजीआई के ट्रॉमा सेंटर में रखवाया। एफएसएल टीम ने भी मौके पर पहुंच कर साक्ष्य जुटाए। लाइसेंसी पिस्टल को भी कब्जे ले लिया गया है। जयपाल के आईपीएस बेटे राहुल बल्हारा वर्तमान में दमनदीप में तैनात है। पुलिस की ओर से उन्हें जानकारी दे दी गई है। जयपाल ने सुसाइड क्यों किया, फिलहाल पुलिस कारणों का पता लगा रही है।

अनाज मंडी में कुर्सी पर बैठे थे, पिस्टल निकाल सिर में मारी गोली
●
बेटा राहुल दमनदीप में तैनात

यौन उत्पीड़न मामले में सुप्रीम कोर्ट का महाराष्ट्र की पीड़ित के हक में फैसला

# महिला को मर्जी के बिना मां बनने को मजबूर नहीं किया जा सकता, उसे बाध्य करना गलत

जस्टिस नागरत्ना और जस्टिस भुइयां की बेंच ने सुनवाई की

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र की एक 18 साल की यौन उत्पीड़न पीड़िता युवती के हक में बड़ा फैसला दिया है। अदालत ने उसे 30 हफ्ते की प्रेग्नेंसी खत्म करने की अनुमति दे दी है। यह युवती तब गर्भवती हुई थी जब वह नाबालिग थी। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की बेंच ने सुनवाई करते हुए कहा कि युवती की शारीरिक अखंडता और अपनी मर्जी से फैसला लेने का अधिकार सबसे ऊपर है। कोई भी अदालत किसी महिला को अनचाही प्रेग्नेंसी जारी रखने के लिए मजबूर नहीं कर सकता। जजों ने कहा कि अगर कोई महिला बच्चा नहीं चाहती, तो उसे इसके लिए बाध्य करना गलत होगा।

*पीठ ने यह भी साफ किया कि मुद्दा यह नहीं है कि संबंध सहमति से बने थे या यह उत्पीड़न का मामला था। मुख्य तथ्य यह है कि होने वाला बच्चा वैध नहीं है और दूसरा, लड़की इस समय एक कठिन स्थिति में है और वह मां नहीं बनना चाहती।*

### फैसला लेना आसान नहीं था

जस्टिस नागरत्ना ने गंभीरता बात की। उन्होंने कहा कि यह फैसला लेना उनके लिए भी आसान नहीं था, क्योंकि जन्म लेने वाला बच्चा भी एक जीवन ही होता। लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि जब लड़की बार-बार कह रही है कि वह बच्चे को जन्म नहीं देना चाहती, तो उसकी इच्छा का सम्मान करना होगा। अदालत ने सवाल किया कि अगर कानून 24 हफ्ते तक गर्भपात की इजाजत देता है, तो विशेष परिस्थितियों में 30 हफ्ते में ऐसा क्यों नहीं हो सकता?

दुष्कर्म पीड़िता ने लगाई गर्भपात की गुहार



युवती की मर्जी को बताया सबसे ऊपर

**मां की प्रजनन स्वायत्तता को महत्व देना चाहिए**

अदालत ने कहा कि यह प्रश्न नहीं है कि संबंध सहमति से था या नहीं। वास्तविकता यह है कि बच्चा अवैध है और मां बच्चे को जन्म नहीं देना चाहती।

**सामाजिक कलंक के कारण पहुंचेगा गहरा मानसिक आघात :** युवती के वकील ने तर्क दिया कि अवैध बच्चे को जन्म देने से जुड़े सामाजिक कलंक के कारण उसे गहरा मानसिक आघात पहुंचेगा। कोर्ट ने सहमति जताते हुए कहा कि अपीलकर्ता के अधिकारों की रक्षा करना अनिवार्य है, भले ही निर्णय लेने में देरी हुई हो। सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति नागरत्ना ने एक महत्वपूर्ण सवाल उठाया- हमें किसके हित को देखना चाहिए? एक अजन्मा बच्चा या वह मां जो उसे जन्म दे रही है?

## कैथल के आरकेएसडी कॉलेज में परीक्षा पे चर्चा को लेकर राज्यस्तरीय कार्यक्रम

**परीक्षा में केवल अंकों की बात नहीं है, बल्कि यह आपके मन, आत्मविश्वास और सपनों की चर्चा**

# परीक्षा पर मुख्यमंत्री का मंत्र, दबाव नहीं उत्सव की तरह लें विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शुक्रवार को शिक्षा निदेशालय द्वारा आरकेएसडी कॉलेज कैथल के सभागार में आयोजित परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने विद्यार्थियों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एग्जाम वॉरियर्स विशेष एपिसोड के लाइव प्रसारण देखा। इसके उपरांत मुख्यमंत्री ने कक्षा 9वीं से 12वीं के विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को संबोधित करते हुए उनका मनोबल बढ़ाया। मुख्यमंत्री ने बच्चों को परीक्षा का दबाव न लेने का आह्वान करते हुए कहा कि परीक्षा आपकी पहचान नहीं बल्कि परीक्षा के लिए किए गए आपके प्रयास, मेहनत व सोच ही आपकी असली पहचान है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हम सबने परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम में भाग लिया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेश को सुना। प्रधानमंत्री जी ने परीक्षा के दौरान विद्यार्थियों के मन में उठने वाले डर और तनाव को लेकर एक बहुत ही महत्वपूर्ण और प्रेरणादायक संदेश दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हर वर्ष बच्चों की परीक्षाओं से पहले उनसे जुड़कर चर्चा करते हैं। आज भी उन्होंने परीक्षा के अलावा विकसित भारत, स्वच्छता एवं कर्तव्य पालन को लेकर विद्यार्थियों से बातचीत की और इन सभी विषयों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया।



कैथल। परीक्षा पे चर्चा को लेकर राज्यस्तरीय कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी। फोटो: हरिभूमि

### कई बार अंक कम आ जाते हैं, घबराना नहीं चाहिए और कड़ी मेहनत से प्रयास करने चाहिए

प्रधानमंत्री जी ने कहा है कि आज जो बच्चे हैं, वे विकसित भारत के मजबूत स्तंभ होंगे। इसलिए हम सभी को हमारे देश को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में सामूहिक रूप से अधिक मेहनत करनी चाहिए। उन्होंने सभी का आह्वान किया कि वे स्वच्छता जैसे अभियानों में बढ़चढ़ कर भाग लें। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि परीक्षा पर चर्चा केवल अंकों की बात नहीं है, बल्कि यह आपके मन, आत्मविश्वास और सपनों की चर्चा है। यह खुद को परखने और आत्मविकास का अवसर भी है। परीक्षा में कई बार अंक कम आ जाते हैं, उससे घबराना नहीं चाहिए। हमें निरंतर कड़ी मेहनत और प्रयास करने चाहिए।

# हरियाणा मॉडल से पंजाब को मिलेगा विकास का नया रास्ता

■ सीएम ने पंजाब के पंजौला में सम्मान समारोह में आप सरकार पर हमला बोला

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि आने वाला समय भाजपा का है और पीएम के सशक्त नेतृत्व में पंजाब देश का अग्रणी राज्य बनेगा। भाजपा की सरकार बनते ही पंजाब में विकास की रफ्तार तेज होगी और केंद्र की सभी जनकल्याणकारी योजनाएं ज़मीन पर प्रभावी रूप से लागू की जाएंगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शुक्रवार को पंजाब के गांव पंजौला में आयोजित सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर आयोजक सतपाल पुनिया द्वारा मुख्यमंत्री का पुष्पगुच्छ एवं सिरोपा भेंट कर भव्य स्वागत किया गया।



**उपलब्धियां गिनाईं**

- हरियाणा बना किसान-हितैषी राज्य, 24 फसलों पर एमएसपी और 48 घंटे में भुगतान
- संकल्प पत्र के 217 वादों में से पहले चरण में 60 पूरे किए
- लाडो लक्ष्मी योजना से हरियाणा की महिलाएं हुई सशक्त, आप के वादे अधूरे
- आवास, प्लॉट और मालिकाना हक हरियाणा सरकार के ठोस फैसले
- आम आदमी पार्टी की सरकार करे श्वेत पत्र जारी

## प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बड़ौली का तंज

# संसद की गरिमा गिराने वाले विपक्ष को पीएम ने दिखाया आईना

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़



विकसित भारत के लिए सभी को बिना विचलित हुए आगे बढ़ते रहना है

राज्यसभा में देश के ओजस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भाषण विपक्ष के दोगले व दोहरे चरित्र को उजागर करने वाला और विश्व में भारत की बढ़ती शक्ति का अहसास कराने वाला रहा। प्रधानमंत्री का भाषण हर देशवासी को गौरवान्वित करने वाला रहा। मोदी जी के वक्तव्य में आत्मीयता भी थी, तो वहीं प्रेम भी था। राष्ट्रभक्ति भी थी तो समाजहित भी था। समर्पण भी था तो त्याग भी था। मानवता भी थी तो पुनः भारत माता को विश्व गुरु बनाने की इच्छाशक्ति भी थी। मोदी ने अपने भाषण के दौरान कहा कि अब ना हमें रुकना है, ना पीछे मुड़कर देखना है। हमें तेज गति से चलना है और लक्ष्य प्राप्त करना है। यानि प्रधानमंत्री देशवासियों से अपील की कि विकसित भारत के लिए हरेक भारतवासी को बिना विचलित हुए आगे बढ़ते रहना है।


**उद्यान विभाग, हरियाणा**
**पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र, मुनीमपुर (झज्जर)-124105**
ई-मेल: coemunimpur@gmail.com

**पाँच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सूचना बारे**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र, मुनीमपुर, झज्जर पर दिनांक 09/02/2026 से 13/02/2026 तक उन्नत तकनीकों द्वारा फूलों की खेतीं के विषय पर प्रशिक्षण का आयोजन करवाया जाना था जोकि अब बदलकर दिनांक 16/02/2026 से 20/02/2026 तक प्रशिक्षण करवाया जाएगा। पाँच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यकम का विवरण निम्न प्रकार से है:

| क्र० स० | दिनांक | प्रशिक्षण की अवधि (दिनों में) | प्रशिक्षण का विषय | प्रशिक्षणार्थियों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 16.02.2026 से 20.02.2026 | 5 | उन्नत तकनीकों द्वारा फूलों की खेतीं पर प्रशिक्षण | 10 |

पाँच दिवसीय प्रशिक्षण हेतु इच्छुक किसान अपना ऑनलाईन नामांकन बागवानी विभाग, हरियाणा की वेब साईट http:kaushal.hortharyana.gov.in पर करें। जो दस किसान सबसे पहले ऑनलाईन नामांकन के माध्यम से अपना नाम दर्ज करवाएंगे, उन्हें ही प्रशिक्षण में प्राथमिकता दी जाएगी। अधिक जानकारी के लिए इच्छुक किसान डॉ. हेमन्त सैनी, विषय वस्तु विशेषज्ञ (Mob No-8683801977) से सम्पर्क करें।

प्रशिक्षण हेतु ऑनलाईन नामांकन की प्रक्रिया निम्न प्रकार से है:-

1. प्रार्थी अपना ऑनलाईन आवेदन http:kaushal.hortharyana.gov.in पोर्टल पर दिनांक 13.02.2026 शाम 03:00 बजे तक कर सकता है।
2. प्रार्थी हरियाणा राज्य का स्थायी निवासी होना चाहिए।
3. आवेदनकर्ता अपने जरूरी कागजात जैसे कि आधार कार्ड व परिवार पहचान पत्र की फोटो प्रति प्रशिक्षण के दौरान अपने साथ लेकर आये।
4. चयनित किसानों के नाम बागवानी विभाग की वेबसाईट http:kaushal.hortharyana.gov.in पर दिनांक 13.02.2026 को शाम 03:30 बजे तक अपलोड कर दिये जाएंगे।
5. प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतू प्रार्थी की न्युनतम आयु 18 वर्ष व अधिकतम आयु 60 वर्ष होनी चाहिए।
6. प्रशिक्षण हेतू आवेदन एक परिवार पहचान पत्र (PPP) से एक सदस्य ही कर सकता है।
7. किसानों के भोजन की व्यवस्था निम्नहस्ताक्षरी कार्यालय के द्वारा की जायेगी।
8. प्रशिक्षण केन्द्र पर रात्रि ठहराव की व्यवस्था नहीं होगी।

**हस्ता/-परियोजना अधिकारी कम विषय वस्तु विशेषज्ञ,**
**पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र,**
**मुनीमपुर, झज्जर।**

पीआरडीएच-1149/11/1042/2026/42795/88/6 दि. 06.02.2026


## आईएएस अधिकारी श्यामल की सेवाएं केन्द्र सरकार को सौंपी

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने आईएएस अधिकारी श्यामल मिश्रा की सेवाएं केन्द्र सरकार को सौंप दी हैं। मिश्रा वर्तमान में हरियाणा व्यापार मेला प्राधिकरण, नई दिल्ली के मुख्य प्रशासक तथा ऊर्जा विभाग में अतिरिक्त मुख्य सचिव के पद पर कार्यरत हैं। उल्लेखनीय है कि श्यामल मिश्रा को केन्द्र सरकार के दूरसंचार विभाग में प्रशासक (डिजिटल भारत निधि) नियुक्त किया गया है।

## हरियाणवी युवाओं को बाहर कर रहा एचपीएससी: राव नरेंद्र सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



पीजीटी कंप्यूटर साइंस शिक्षक भर्ती को लेकर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष का आरोप

पीजीटी कंप्यूटर साइंस शिक्षक भर्ती को लेकर हरियाणा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने तीव्र प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने कहा कि इस भर्ती प्रक्रिया में 1711 पदों पर सिर्फ 39 हरियाणा के युवा चयनित किए गए। उन्होंने एचपीएससी पर हरियाणवी युवाओं को जानबूझकर बाहर करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पीजीटी कंप्यूटर साइंस शिक्षक भर्ती ने हरियाणा सरकार और हरियाणा लोक सेवा आयोग (एचपीएससी) की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। 1711 पदों के लिए आयोजित भर्ती प्रक्रिया में महज 39 अभ्यर्थियों का क्वालीफाई करना न केवल प्रशासनिक विफलता को उजागर करता है, बल्कि यह हरियाणा के लाखों युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ भी दर्शाता है। प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि यह कोई संयोग नहीं, बल्कि हरियाणवी युवाओं को जानबूझकर अयोग्य ठहराने की सुनियोजित साजिश है। पिछले 12 वर्षों से भाजपा सरकार भर्तियों के नाम पर युवाओं को ठगने का काम कर रही है।

## पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर भाजपा मनाएगी समर्पण दिवस

**चंडीगढ़।** भाजपा 11 फरवरी को पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्य तिथि पर प्रदेश में बूथ से लेकर मंडल स्तर पर समर्पण दिवस मनाएगी। कार्यक्रम को लेकर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने दो सदस्यीय समिति का गठन कर जिम्मेदारियां सौंप दी है। इस समिति में प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया और प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य महेश चौहान को जिम्मेदारी दी गई है। भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी अरविंद सैनी ने बताया कि 11 फरवरी को बूथ, मंडल और जिला स्तर पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय को स्मरण करते हुए पुष्पांजलि कार्यक्रम होंगे। बड़ौली के दिशा निर्देशानुसार सभी जिलों में पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के जीवन पर आधारित गोष्ठियों का आयोजन किया जाएगा।

## हाईकोर्ट ने यूएचबीवीएन के एमडी से स्पष्टीकरण मांगा

# रिक्त पदों में से कितने स्थानांतरण ड्राइव में शामिल किए और कितने रोके

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

■ ट्रांसफर प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं पर कोर्ट सख्त

उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम लिमिटेड की ट्रांसफर प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं पर पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने कड़ा रुख अपनाया है। अदालत ने निगम के प्रबंध निदेशक को निर्देश दिया है कि वह शपथ पत्र दाखिल कर स्पष्ट करें कि विभिन्न कैडरों में उपलब्ध रिक्त पदों में से कितने पद स्थानांतरण ड्राइव में शामिल किए गए और कितने पद रोके गए, साथ ही इसके पीछे का कारण भी विस्तार से बताया जाए। मामले की अगली सुनवाई 9 फरवरी को निर्धारित की गई है।हाईकोर्ट के समक्ष कई याचिकाओं में सहायक, डिप्टी सुपरिटेंडेंट तथा एसएसए श्रेणी के कर्मचारियों ने 30 जनवरी 2026 को जारी अंतिम रिक्ति सूची को चुनौती दी है। याचिकाकर्ताओं का आरोप है कि स्थानांतरण नीति-2025 और संशोधित स्टाफिंग मानकों के बावजूद निगम ने कई स्वीकृत रिक्त पदों को ट्रांसफर ड्राइव में शामिल नहीं किया और चयनित पदों को ही खोला गया, जिससे कर्मचारियों के साथ भेदभाव हुआ। इस पर न्यायालय ने कड़ा संज्ञान लिया है।

## कैंसिल का नोटिफिकेशन जारी

# हरियाणा लोक सेवा आयोग ने रद्द की एडीओ भर्ती

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा लोक सेवा आयोग (एचपीएससी) ने कृषि विकास अधिकारी के 100 पदों की भर्ती को रद्द कर दिया है। भर्ती को रद्द करने के पीछे प्रशासनिक कारण बताया गया है। एडीओ भर्ती में आवेदन करने वालों की फीस अब एचपीएससी द्वारा लौटाई जाएगी। हरियाणा लोक सेवा आयोग ने 24 जून 2022 को कृषि विकास अधिकारी (एडीओ ) के लिए 100 पदों का विज्ञापन जारी किया था। जिसमें जनरल कैटेगिरी के लिए 55 पद, एससी के लिए 20, बीसी ए के लिए 10, बीसी बी के लिए 5 व ईडब्ल्यूएस के लिए 10 पद आरक्षित किए गए थे। 29 जून से भर्ती के लिए आवेदन शुरू हुए थे तथा 19 जुलाई आवेदन करने की अंतिम डेट रखी गई थी। भर्ती में जनरल कैटेगरी के महिला व पुरुष के लिए आवेदन फीस एक हजार व एससी-बीसी के उम्मीदवारों के लिए 250 रुपये तय हुई थी। (एचपीएससी) ने 6 जून को भर्ती कैंसिल का नोटिफिकेशन जारी करते हुए फीस वापस करने की बात कही गई है। वहीं यह भी कहा गया है कि भर्ती से संबंधित किसी भी पत्राचार पर आयोग के द्वारा विचार नहीं किया जाएगा। भर्ती प्रक्रिया को लेकर कहा जा रहा है कि इसके नोटिफिकेशन में पुराना नियम था।


**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प कैथल | 3 अदद रोड का पुनरोद्धार अर्थात कैथल जिले में गांव फतेहपुर में करनाल रोड से पुण्डरी ढाण्ड रोड वाया गवर्नमेंट ब्वॉयज स्कूल तक आउटर रिंग बांध (12059) (ओडीआर) 2) कैथल जिले में पुण्डरी ढाण्ड रोड से फरल स्कूल तक (8696) (ओडीआर) 3) कैथल जिले में पुण्डरी ढांड से फतेहपुर तक (6866) (ओडीआर) (महाग्राम स्कीम के तहत जल पाइप लाइन और सीवर लाइन बिछाने के लिए पीएचईडी द्वारा क्षतिग्रस्त रोड)। | बंद होने की तिथि 13.02.2026 | 84.32 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466390260 PWDEEPPD2KTL@GMAIL.COM |
| 2 | पंचायती राज कैथल | बरसाना ब्लॉक पुण्डरी, जिला कैथल -अपशिष्ट जल के निपटान हेतु आरसीसी पाइप लाइन की आपूर्ति करना / बिछाना। | 05.02.2026 10.02.2026 | 67.58 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1746234748 prexeeng.Ktl@hry.nic.in |
| 3 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | महिला एवं बाल विकास विभाग, हरियाणा के आंगनवाड़ी केन्द्र को सक्षम आंगनवाड़ी केन्द्रों में अपग्रेडेशन हेतु एलईडी/टीवीएस की अधिप्राप्ति। | 07.02.2026 23.02.2026 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |

**अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in** पीआरडीएच-11/2026/80/42822/I/88/6 दि. 06.02.26



**विश्वविद्यालय अनुदान आयोग**
**UNIVERSITY GRANTS COMMISSION**
**(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार)**
**(MINISTRY OF EDUCATION, GOVT. OF INDIA)**

**विज्ञापन सं.: 45 / 2026**

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली, देश भर में माननीय सर्वोच्च न्यायालय/उच्च न्यायालयों/अधिकरणों/आयोगों/जिला न्यायालयों तथा अन्य न्यायिक निकायों के समक्ष विश्वविद्यालय अनुदान आयोग का आवश्यकतानुसार एवं प्रकरण-आधारित विधिक प्रतिनिधित्व करने हेतु स्टैंडिंग काउंसिल **(Standing Counsel)** तथा पैनल अधिवक्ताओं **(Panel Advocates)** के पैनलीकरण के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है।

पात्रता मानदंड, शैक्षणिक योग्यताएँ, शुल्क संरचना तथा अन्य विवरण www.ugc.ac.in/tenders/jobs पर उपलब्ध हैं। ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि **08.03.2026** है।

**सचिव, यूजीसी**

CBC 21205/12/0014/2526



**उत्तर रेलवे**

**ई–नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे अंबाला कैंट भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए उत्तर रेलवे के अंबाला मंडल के रेलवे स्टेशनों पर अनुबंधों के आवंटन के लिए IREPS वेबसाइट पर ईऑक्शन के माध्यम से बोलियां आमंत्रित करते हैं।

| S. No. | Lot No. | Description | Lot Start Date Time |
|---|---|---|---|
| 1. | Catg-UMB-PUL-GMU-72-24-1 (GMU) | (खानपान – जनरल माइनर यूनिट) (जीएमयू) (आकार 10'x6' ) सामान्य श्रेणी के लिए प्लेटफॉर्म संख्या 1, रामपुराफूल (PUL) रेलवे स्टेशन पर | 19.02.2026 15.00.00 |
| 2 | ADVT-UMB-BTI OSD-338-25-1 | बठिंडा जंक्शन रेलवे स्टेशन पर 10 फीट x 8 फीट क्षेत्रफल की वीडियो वॉल के रूप में व्यावसायिक विज्ञापन अधिकार (डिजिटल) | 19.02.2026 15.00.00 |
| 3. | ADVT-UMB-NBA OSN-157-22-2 | नाभा रेलवे स्टेशन पर 240 वर्ग फुट क्षेत्र में व्यावसायिक विज्ञापन (नॉन–डिजिटल) | 19.02.2026 15.00.00 |
| 4. | MSS-UMB-SRE-PSKsk-54-25-1 | सहारनपुर रेलवे स्टेशन पर कुल 54 वर्ग फुट क्षेत्रफल की पूजा सामग्री की दुकान/किओस्क स्थापित करने और संचालित करने के लिए अनुबंध का आवंटन (साइट योजना के अनुसार) | 19.02.2026 15.00.00 |

नीलामी लीजिंग आमंत्रण सूचना, नीलामी प्रपत्र, एक बार पंजीकरण व अधिक जानकारी हेतु, रेलवे वेबसाईट www.ireps.gov.inपर जाये।

415/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## मृत व्यक्तियों की सम्मानजनक हो विदाई: डॉ. मिश्रा

■ जिले में कम से कम एक चालू शव वाहन सेवा की उपलब्धता सुनिश्चित करें

**चंडीगढ़।** हरियाणा के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने राज्य के सभी उपायुक्तों को निर्देश दिया है कि वे प्रत्येक जिले में कम से कम एक चालू शव वाहन सेवा की उपलब्धता सुनिश्चित करें। मृत व्यक्तियों के सम्मानजनक परिवहन के लिए शव वाहन आवश्यक हैं। जबकि कई जिलों में भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी और विभिन्न एनजीओ के माध्यम से शव वाहन सेवाएं प्रदान की जा रही हैं, उन्होंने इन सेवाओं की उपलब्धता और संपर्क विवरण के बारे में सार्वजनिक जागरूकता में सुधार करने का निर्देश दिया। डॉ. मिश्रा ने सभी उपायुक्तों को निर्देश दिए हैं।


**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को इस नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्वकिल के द्वारा निम्न कृषि भूमि का तबादलानामा प्रस्तावित है :–

SW/JSO/1436

हमकि (1) रामरती विधवा व (2) राकेश (3) राजेश (4) अजीत पुत्रान अत्तर सिहं पुत्र कलीराम, निवासीगण गांव पेलपा, तहसील बादली, जिला झज्जर व (5) कमलेश पुत्री अत्तर सिहं पुत्र कलीराम हाल आबाद कमलेश पत्नी वजीर सिहं, निवासी गांव दहकोरा, जिला झज्जर एवं उपरोक्त सभी बिस्वेदारान गांव पेलपा, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) में अराजी बरुवे इन्द्राज जमाबन्दी वर्ष 2020–21 व इंतकाल न0 4241 तकसीम, के अनुसार खेवट न0 319मिन/150/6 मिन, खाता न0 330 मिन, मु0 न0 84, किला न0 22(7–11), 23/1/3(2–0), किते 2, तादादी रकबा 9 कनाल 11 मरले सालम भाग व खेवट न0 319मिन/150/6 मिन, खाता न0 330 मिन, मु0 न0 84, किला न0 17/1(0–12), 18/1(0–13), 18/3(0–11), 23/1/1(0–2), किते 4, तादादी रकबा 1 कनाल 18 मरले का 173/522 भाग, बकदर 0 कनाल 12.59 मरले, उपरोक्त खेवटों से कुल तादादी रकबा 10 कनाल 3.59 मरले (1.2724375 एकड़) (जिसमें रामरती – राकेश – राजेश – अजीत – कमलेश हर पाँच समभाग) वाका रकबा मौजा पेलपा, तहसील बादली, जिला झज्जर के मालिकान व काबिजान हैं जिसका तबादला प्रथम पक्षगण द्वारा मेरे मुव्वकिल के साथ किया जा रहा है तथा प्रथम पक्षगण द्वारा मेरे मुव्वकिल को मु0 न0 84, किला न0 22(7–11), 23/1/3(2–0), किते 2, तादादी रकबा 9 कनाल 11 मरले व खेवट न0 319मिन/150/6 मिन, खाता न0 330 मिन, किते 4, तादादी रकबा 1 कनाल 18 मरले का 173/522 भाग, बकदर 0 कनाल 12.59 मरले, कुल तादादी रकबा 10 कनाल 3.59 मरले (1.2724375 एकड़) पर कब्जा दिया जा रहा है।

SW/BSO/723

हमकि (1) अंकित पुत्र नरेश पुत्र रामकरण, (2) मोहित पुत्र दयानन्द पुत्र रामचन्दर निवासीगण गावं बादली, तहसील बादली, जिला झज्जर व (3) सरोज पत्नी राजेन्द्र सिहं पुत्र छोटेलाल, निवासी मकान न0 1282/5, रोहताश नगर पावर हाउस के पास, रोहतक, हरियाणा–124001 व (4) औमबीर पुत्र विनोद कुमार पुत्र हरिसिहं, निवासी गांव खरवास, रेवाड़ी, हरियाणा – 123302 व (5) अनिता पत्नी अमित गुलिया पुत्र भगत सिहं हाल आबाद अनिता पुत्री नरेन्द्र कुमार, निवासी मकान न0 99, गांव बापरोला, पश्चिमी दिल्ली, दिल्ली–110043 एवं उपरोक्त सभी बिस्वेदारान गांव बादली, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) में अराजी बरूवे इन्द्राज जमाबन्दी वर्ष 2023–24 व इंतकाल न0 10835 बैय, 11102 तकसीम, 11260 तबादला, के अनुसार अराजी खेवट न0 2010/1713, खाता न0 2079, मु0 न0 311, किला न0 7(8–0), 8/1/1(0–8), 14/1(7–9), 15/1(7–4), किते 4, तादादी रकबा 23 कनाल 1 मरला का 1/3 भाग, बकदर 7 कनाल 13.66 मरले (जिसमें अंकित मालिक व काबिज है), व खेवट न0 2478/2127, खाता न0 2556, मु0 न0 252, किला न0 4/2(6–16) किता 1, तादादी रकबा 6 कनाल 16 मरले सालम भाग (जिसमें सरोज 1/3 भाग व अनिता 1/3 भाग व औमबीर 1/3 भाग) व खेवट न0 2661 मिन/2267मिन, खाता न0 2745 मिन, मु0 न0 296, किला न0 25/2/2(3–8) किता 1, तादादी रकबा 3 कनाल 8 मरले का 505441/1365336 भाग, बकदर 1 कनाल 5.17 मरले (जिसमें मोहित मालिक व काबिज है) व खेवट न0 2661 मिन/2267मिन, खाता न0 2745 मिन, मु0 न0 13, किला न0 11(8–0), 12(8–0), मु0 न0 14, किला न0 14/2(4–0), 15(8–0), मु0 न0 34, किला न0 12(8–0), 13(8–0), 14(9–6), किते 7, तादादी रकबा 53 कनाल 6 मरले का 43/1066 भाग, बकदर 2 कनाल 3 मरले (जिसमें मोहित मालिक व काबिज है), उपरोक्त सभी खेवटों से कुल तादादी रकबा 17 कनाल 17.83 मरले (2.2364375 एकड़) वाका रकबा मौजा बादली, तहसील बादली, जिला झज्जर के मालिकान व काबिजान हैं, जिसका तबादला प्रथम पक्षगण द्वारा मेरे मुव्वकिल के साथ किया जा रहा है तथा प्रथम पक्षगण द्वारा मेरे मुव्वकिल को मु0 न0 252, किला न0 4/2(6–16), मु0 न0 296, किला न0 25/2/2(3–8), मु0 न0 311, किला न0 7 मिन उत्तर (7–6.83), 8/1/1 मिन उत्तर (0–7), किते 4, तादादी रकबा 17 कनाल 17.83 मरले (2.2364375 एकड़) पर कब्जा दिया जा रहा है।

SW/BSO/737

हमकि (1) सत्यवन्ती विधवा व (2) राजीव कुमार (3) प्रदीप कुमार पुत्रान हरपाल सिहं दत्तक पुत्र ध्यान सिहं, निवासीगण गांव बादली, तहसील बादली, जिला झज्जर (4) शशीप्रभा पुत्री हरपाल सिहं दत्तक पुत्र ध्यान सिहं हाल आबाद शशि प्रभा पत्नी विजय कुमार, निवासी मकान न0 108, गांव बापरोला, पश्चिमी दिल्ली, दिल्ली–110043 एवं उपरोक्त सभी बिस्वेदारान गांव महमूदपुर माजरा, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) में अराजी बरुवे इन्द्राज जमाबन्दी वर्ष 2020–21 व इंतकाल न0 1381 बैय, के अनुसार खेवट न0 50 मिन/40, खाता न0 59 मिन, मु0 न0 15, किला न0 21/2(3–2), 22/2/2(1–2), मु0 न0 19, किला न0 1(7–8), 2(8–0), 3/1/2(3–17), 9(8–0), 12(8–0), 13(8–0), 18(8–0), 19(8–0), किते 10, तादादी रकबा 63 कनाल 9 मरले सालम भाग (जिसमें सत्यवन्ती – शशीप्रभा – प्रदीप कुमार – राजीव कुमार हर चार समभाग) व खेवट न0 50 मिन/40, खाता न0 59 मिन, मु0 न0 19, किला न0 14/1(6–12) किता 1, तादादी रकबा 6 कनाल 12 मरले सालम भाग (जिसमें सत्यवन्ती – शशीप्रभा – प्रदीप कुमार – राजीव कुमार हर चार समभाग) के मालिकान व काबिजान हैं जिसमें से कुल रकबे का 11/12 भाग, बकदर 6 कनाल 1 मरला (जिसमें सत्यवन्ती – शशीप्रभा हर दो समभाग 1/2 भाग व प्रदीप कुमार – राजीव कुमार हर दो समभाग 55/132 भाग) व खेवट न0 51 मिन/41, खाता न0 60 मिन, मु0 न0 19, किला न0 8(8–0), मु0 न0 20, किला न0 18/2(5–16), 21(8–0), 22(8–0), 23(8–0), मु0 न0 30, किला न0 2(8–0), 3(8–0), 9/1(2–18), किते 8, तादादी रकबा 56 कनाल 14 मरले सालम भाग (जिसमें प्रदीप कुमार – राजीव कुमार हर दो समभाग), उपरोक्त खेवटों से कुल तादादी रकबा 126 कनाल 4 मरले (15.775 एकड़) वाका रकबा मौजा महमूदपुर माजरा, तहसील बादली, जिला झज्जर जिसका तबादला प्रथम पक्षगण द्वारा मेरे मुव्वकिल के साथ किया जा रहा है तथा प्रथम पक्षगण द्वारा मेरे मुव्वकिल को मु0 न0 15, किला न0 21/2(3–2), 22/2/2(1–2), मु0 न0 19, किला न0 1(7–8), 2(8–0), 3/1/2(3–17), 8(8–0), 9(8–0), 12(8–0), 13(8–0), 14/1 मिन पश्चिम (6–1), 18(8–0), 19(8–0), मु0 न0 20, किला न0 18/2(5–16), 21(8–0), 22(8–0), 23(8–0), मु0 न0 30, किला न0 2(8–0), 3(8–0), 9/1(2–18), किते 19, तादादी रकबा 126 कनाल 4 मरले (15.775 एकड़) पर कब्जा दिया जा रहा है।

अत: यदि कोई भी व्यक्ति जो उपरोक्त भूमि में मुखलफाना हक, स्वामित्व, कब्जा या अन्य कोई सम्बन्ध रखता है या किसी को इस तबादलानामा पर कोई ऐतराज है तो वह व्यक्ति उपरोक्त भूमि में अपने हक, दावे सम्बन्धी जरूरी दस्तावेजों व साक्ष्य सहित इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 14 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरित से सम्पर्क करे या भेजे, अन्यथा यह माना जायेगा कि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त भूमि में कोई दावा, हक, स्वामित्व, कब्जा या किसी प्रकार का अन्य कोई सम्बन्ध नहीं रखता और मेरा मुव्वकिल उक्त अराजी के तबादले से सम्बन्धित अग्रिम सभी कार्यवाही करेगा।

सर्वसाधारण को इस नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्वकिल के द्वारा निम्न कृषि भूमि का बैयनामा प्रस्तावित है :–

5820

मनकि राजीव उर्फ राजीव कुमार पुत्र हरलाल उर्फ हरपाल सिहं दत्तक पुत्र ध्यान सिहं, निवासी एवं बिस्वेदार गाँव बादली, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) में अराजी बरुवे इन्द्राज जमाबन्दी वर्ष 2023–24, के अनुसार खेवट न0 826/700, खाता न0 855, मु0 न0 194, किला न0 23/2(1–2), किता 1, तादादी रकबा 1 कनाल 2 मरले (0.1375 एकड़) सालम भाग वाका रकबा मौजा बादली, तहसील बादली, जिला झज्जर का मालिक व काबिज है जिसको बैय किया जा रहा है। जिसका कब्जा उपरोक्त समस्त भूमि तादादी रकबा 1 कनाल 2 मरले (0.1375 एकड़) पर दिया जा रहा है।

5821

हमकि राजीव कुमार – प्रदीप कुमार पुत्रान हरपाल सिहं दत्तक पुत्र ध्यान सिहं, निवासीगण गांव बादली, तहसील बादली, जिला झज्जर एवं बिस्वेदारान गांव महमूदपुर माजरा, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) में अराजी बरुवे इन्द्राज जमाबन्दी वर्ष 2020–21, के अनुसार खेवट न0 50 मिन/40, खाता न0 59 मिन, मु0 न0 19, किला न0 14/1(6–12) किता 1, तादादी रकबा 6 कनाल 12 मरले का 1/2 भाग, बकदर 3 कनाल 6 मरले के मालिकान व काबिजान हैं जिसमें से कुल रकबे का 1/12 भाग, बकदर 0 कनाल 11 मरले व खेवट न0 51 मिन/41, खाता न0 60 मिन, मु0 न0 30, किला न0 1(8–0), किता 1, तादादी रकबा 8 कनाल 0 मरला सालम भाग, उपरोक्त दोनों खेवटों से कुल तादादी रकबा 8 कनाल 11 मरले (1.06875 एकड़) (जिसमें प्रदीप कुमार – राजीव कुमार हर दो समभाग), वाका रकबा मौजा महमूदपुर माजरा, तहसील बादली, जिला झज्जर जिसको बैय किया जा रहा है। जिसका कब्जा मु0 न0 19, किला न0 14/1 मिन पूर्व (0–11), मु0 न0 30, किला न0 1(8–0), किते 2, तादादी रकबा 8 कनाल 11 मरले (1.06875 एकड़) पर दिया जा रहा है।

यदि कोई भी व्यक्ति जो उपरोक्त भूमि में मुखलफाना हक, स्वामित्व, कब्जा या अन्य कोई सम्बन्ध रखता है या किसी को इस बैय पर कोई ऐतराज है तो वह व्यक्ति उपरोक्त भूमि में अपने हक, दावे सम्बन्धी जरूरी दस्तावेजों व साक्ष्य सहित इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 14 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरित से सम्पर्क करे या भेजे, अन्यथा यह माना जायेगा कि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त भूमि में कोई दावा, हक, स्वामित्व, कब्जा या किसी प्रकार का अन्य कोई सम्बन्ध नहीं रखता और मेरा मुव्वकिल उक्त अराजी के बैय से सम्बन्धित अग्रिम सभी कार्यवाही करेगा।

दिनांक : 06.02.2026

विनय कुमार सैनी
एडवोकेट,
द्वितीय तल, म0 नं0–285, सैक्टर–14,
गुरुग्राम – 122001
Mobile: 9810203697
E-mail : svkggn@yahoo.com




### हरियाणा में सख्ती, दूसरे प्रदेशों में करवा रहे भ्रूण लिंग जांच

# झज्जर की महिलाओं की दिल्ली के स्पा सेंटर में भ्रूण लिंग जांच, 2 काबू

923 लड़कियां हैं प्रति 1000 लड़कों पर हरियाणा में, राष्ट्रीय औसत 933

2015 से 2025 के बीच भ्रूण लिंग जांच व कन्या भ्रूण हत्या में 1375 केस

2025 में यूपी में 218, दिल्ली में 89, राजस्थान में 26 व पंजाब में 83 जगह छापे मारे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

हरियाणा में भ्रूण लिंग जांच पर सख्ती होने के बाद अब दिल्ली में इसका जाल बिछाया जा रहा है। झज्जर जिले की पीएनडीटी टीम द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए दिल्ली के तिलक नगर क्षेत्र में स्पा सेंटर की आड़ में चलाए जा रहे अवैध लिंग जांच गिरोह का भंडाफोड़ किया गया है। इस संबंध में टीम द्वारा दिल्ली पुलिस व वहां की टीम के सहयोग से दो आरोपियों को पुलिस के हवाले किया गया।

सिविल सर्जन डॉ. मंजू कादियान ने बताया कि बीते सप्ताह उन्हें दिल्ली के तिलक नगर में चलाए जा रहे द लुक स्पा सेंटर की आड़ में भ्रूण लिंग जांच के अवैध कारोबार की सूचना मिली थी। आरोपी रोमा द्वारा अवैध रूप से जिले की गर्भवती महिलाओं की भ्रूण लिंग जांच कराई जा रही थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए गठित की गई टीम में पीसी पीएनडीटी नोडल अधिकारी डॉ. संदीप कुमार, डॉ. बंसत कुमार दूबे, डॉ. नेहा, विनोद कुमार, जयबीर, प्रदीप कुमार व पुलिस विभाग से हेड कांस्टेबल रीना, कांस्टेबल कुमारी सोनू, भगत सिंह, पीएसआई सतबीर को शामिल किया गया।



झज्जर। टीम की गिरफ्त में आरोपी व बरामद मशीन व पैसे।

### डेढ़ लाख रुपये में जांच करने का सौदा

गर्भवती महिला तथा सुरेंद्र नामक व्यक्ति को नकली पति के रूप में प्रलोभन ग्राहक बनाया गया। सुरेंद्र ने जब रोमा से संपर्क किया गया तो उसने एक लाख एडवांस व 50 हजार बाद में देने की बात कही। वीरवार सुबह प्रलोभन ग्राहक के साथ दिल्ली पहुंचे, जहां वेस्ट दिल्ली पीसी–पीएनडीटी टीम को शामिल किया गया। दिल्ली की टीम में नोडल अधिकारी डॉ. लीना राउत व तहसीलदार आर्येंदु अंबेश शामिल रहे। साढ़े नौ बजे प्रलोभन ग्राहक ने एक लाख रुपये रोमा को सौंप दिए। इसके बाद कुलदीप नामक व्यक्ति मोटरसाइकिल पर आया तथा स्पा सेंटर के अंदर पहुंचकर उसने अल्ट्रासोनिक फिटल डॉपलर मशीन की सहायता से गर्भ की जांच की। उसकी सहयोगी राखी ने लड़का होने की पुष्टि की। जांच के बाद कुलदीप मशीन को टी-शर्ट में छिपाकर बाहर निकलने लगा तो वहां पर तैनात पीएनडीटी टीम ने उसे मौके पर ही मशीन सहित पकड़ लिया और रुपये बरामद किए। संयुक्त टीम द्वारा छापेमारी एवं जब्ती कार्रवाई के बाद पकड़े गए दोनों आरोपियों को तिलक नगर पुलिस के हवाले कर दिया गया। टीम द्वारा रोमा व कुलदीप के खिलाफ पीसी पीएनडीटी तथा एनएमसी एक्ट की विभिन्न धाराओं के अंतगर्त मामला दर्ज कराया गया।

# 8 लाख हरियाणा प्रजाति की गाय, नस्ल सुधार कर रहे : राणा

- कुरुक्षेत्र में 41वीं राज्य स्तरीय पशुधन प्रदर्शनी में हरियाणा नस्ल की 150 गायों ने रैंप पर जलवे बिखेरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा के पशुपालन एवं कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कुरुक्षेत्र के केडीबी मेला ग्राउंड में 41वीं राज्यस्तरीय पशुधन प्रदर्शनी का शुभारम्भ करते हुए कहा कि वेदों पुराणों में भी हरियाणा नस्ल की देशी गाय का जिक्र किया जाता है। भगवान श्रीकृष्ण हरियाणा नस्ल की गाय को खूब प्यार करते थे। इस समय हरियाणा प्रदेश में गोशालाओं के साथ-साथ पशुपालकों के पास करीब 8 लाख हरियाणा नस्ल की गाय हैं। अहम पहलू यह है कि कुरुक्षेत्र की 41वीं राज्य स्तरीय पशुधन प्रदर्शनी में 150 हरियाणा नस्ल की गाय पशुपालक लेकर पहुंचे हैं। गायों व अन्य पशुओं ने कैटवॉक में अपने जलवे बिखेरे।

राणा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की सोच है कि प्रदेश की हरियाणा नस्ल की गाय के साथ-साथ राठी, गिर, बिलाही, थार-पार, जैसी देशी नस्ल की गाय, बैल को संरक्षित करने, पशुपालक किसानों को मंच मुहैया कराने तथा आय को बढ़ाने के लिए ही राज्य स्तरीय पशुधन प्रदर्शनी जैसे कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की सोच है कि हरियाणा नस्ल की देशी गाय की नस्ल में और सुधार लाया जाए। इसके लिए लगातार वैज्ञानिकों द्वारा अनुसंधान का कार्य किया जा रहा है।

**23 जिलों के 20 हजार से ज्यादा पशु पालक 1 हजार पशु लेकर आए, 8 फरवरी तक नई तकनीक व औजार प्रदर्शित होंगे**


कुरुक्षेत्र। रैंपवॉक में हरियाणा नस्ल की गाय हिस्सा लेते हुए।

### पानीपत के लेहना सिंह ने जीती मोटरसाइकिल

लक्की ड्रा के जरिए पानीपत के गांव आटा निवासी लेहना सिंह ने मोटरसाइकिल जीती है। कुरुक्षेत्र के गांव उमरी निवासी तनिश व रोहतक निवासी रमेश को मिल्क मशीन तथा करनाल के जीता राम, कुरुक्षेत्र के भगवानपुर निवासी राकेश का लक्की ड्रा में मदानी निकाला है।

# अवैध संबंध बना वसूली करने पर महिला इंस्पेक्टर सस्पेंड

- पीड़ित कॉलोनाइजर की पत्नी के डीजीपी को लिखे पत्र पर हुई कार्रवाई, इससे पहले भी सस्पेंड हो चुकी है आरोपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

महिला पुलिस इंस्पेक्टर द्वारा एक कॉलोनाइजर से संबंध बनाकर अवैध वसूली करने के मामले में आरोपी महिला इंस्पेक्टर को फिर सस्पेंड कर दिया गया है। इस संबंध में पीड़ित कॉलोनाइजर की पत्नी द्वारा डीजीपी को लिखे पत्र के बाद यह कार्रवाई हुई है। आरोप है कि महिला ने तंत्र विद्या से कॉलोनाइजर को वश में किया था।

डीजीपी को लिखे पत्र में पीड़ित कॉलोनाइजर की जींद निवासी पत्नी ने आरोप लगाया है कि महिला इंस्पेक्टर पद का दुरुपयोग कर जांच प्रभावित कर रही है और गवाहों को धमका रही है। डिजिटल सबूत देने के बावजूद पुलिस ने अब तक कोर्ट में चालान पेश नहीं किया है। इस पर पुलिस प्रशासन ने फतेहाबाद में तैनात महिला इंस्पेक्टर को सस्पेंड कर दिया। मामले में वह पहले भी सस्पेंड हुई थी। बताया जा रहा है कि मामले के जांच अधिकारी ने आरोपी इंस्पेक्टर के वॉयस सैंपल लेकर जांच के लिए लैब में भेजे हैं। इससे पहले पीड़ित कॉलोनाइजर के वॉयस सैंपल लिए थे।

### ढाई करोड़ की संपत्ति को दोबारा 25 लोगों को बेचा, डायरेक्टर काबू

**गुरुग्राम।** एक ही प्रॉपर्टी को कई बार बेचने के आरोप में पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने 32 माइलस्टोन के डायरेक्टर ध्रुव शर्मा को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि उसने सेक्टर-15 स्थित 32 माइलस्टोन बिल्डिंग की एक यूनिट का सेल एग्रीमेंट करवाकर फिर उस सेल की गई यूनिट को 25 लोगों को बेच दिया। एक व्यक्ति से उसने दो करोड़ 50 लाख रुपये लिए थे। इस सबंध में मैसेर्ज ट्रॉम वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिनिधि की तरफ से शिकायत दी गई थी। 21 सितंबर 2021 को भुगतान किया गया था। कंपनी ने एग्रीमेंट टू सेल तो किया पर भुगतान के बाद इनकी कम्पनी के नाम कन्विन्स डीड नाम नहीं कराई।

# करनाल धान घोटाले में पांच सरकारी अधिकारी गिरफ्तार

- फर्जी गेट पास जारी कर दिया गया था घोटाले को अंजाम, एसआईटी की जांच के बाद पुलिस ने की बड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

करनाल जिले में धान खरीद और भंडारण से जुड़े करोड़ों रुपये के घोटाले में पुलिस ने पांच अधिकारियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में इंद्री के हरियाणा वेयर हाउसिंग से जुड़े तकनीकी सहायक प्रदीप कुमार, इंद्री फूड सप्लाई विभाग के इंस्पेक्टर रणधीर सिंह, तरावड़ी से फूड सप्लाई विभाग के इंस्पेक्टर देवेंद्र कुमार, असंध में हैफेड मैनेजर प्रमोद कुमार और निसिंग में हैफेड मैनेजर दर्शन सिंह शामिल हैं।

जानकारी के अनुसार, एसआईटी की जांच में सामने आया कि सरकारी विभागों में तैनात अधिकारियों ने आपसी मिलीभगत से घोटाले को अंजाम दिया। जांच में पुलिस ने इन अधिकारियों की संलिप्तता पाई, जिसके बाद गिरफ्तारी की गई। एएसपी कांची सिंघल ने बताया कि एसआईटी की जांच के दौरान यह बात सामने आई कि आरोपियों की भूमिका फर्जी गेट पास जारी करने में रही है। इन गेट पास के जरिए धान की खरीद और भंडारण में हेराफेरी की गई।

## खबर संक्षेप



### झुंझनू से तीन नशा तस्कर गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की फतेहाबाद यूनिट ने 3600 अवैध नशीले ट्रामाडोल कैप्सूल तस्करी के मामले में कार्रवाई करते हुए राजस्थान के झुंझुनू से तीन आरोपी नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है। यूनिट प्रभारी उप-निरीक्षक तरसेम सिंह ने बताया कि एएसआई हेमराज के नेतृत्व में यूनिट की एक टीम ने तीन अंतरराजीय नशा तस्करों सुभाष सैनी पुत्र हरी राम सैनी, आशीष स्वामी पुत्र सुरेन्द्र स्वामी और संदीप कुमार पुत्र राजपाल को काबू किया है। तीनों आरोपियों को झुंझनु, राजस्थान से गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि 1 दिसंबर 2025 को थाना सदर फतेहाबाद में दर्ज 3600 अवैध नशीले ट्रामाडोल कैप्सूल की तस्करी के मामले में पुलिस ने नशीले कैप्सूलों के साथ दो आरोपियों दिनेश और दीपक निवासी झुंझनू को गिरफ्तार किया था। अब तक कुल 6 आरोपियों को काबू किया जा चुका है।

### अंबाला कोर्ट कांप्लेक्स को उड़ाने की धमकी

**अंबाला।** अंबाला शहर में कोर्ट कांप्लेक्स को ईमेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी मिली है। इसके बाद मौके पर बम स्क्वॉड की टीम और पुलिस बल ने मोर्चा संभाल लिया। तुरंत ही कांप्लेक्स में आने जाने वालों की जांच शुरू कर दी। एसएचओ सिटी सुरेश सैनी ने बताया कि मेल से धमकी आने के बाद पूरी तरह जांच की जा रही है। देर शाम तक इस विषय में कोई खतरा नजर नहीं आया।

### जमीन बेचकर 18 लाख रुपये में स्पेन गए युवक की मौत, अब 18 लाख और खर्च कर आएगा शव

**कैथल।** स्पेन गए कैथल के गांव सिसला के 27 वर्षीय जगदीप की हार्ट अटैक से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि युवक मार्च 2025 में ही जमीन बेचकर 18 लाख रुपये से स्पेन गया था। युवक की मौत से परिजनों पर दुखों का पहाड टूट गया है क्योंकि अब जगदीप के शव को भारत लाने पर भी 18 लाख की राशि खर्च होगी। जगदीप का शव शनिवार सुबह गांव सिसला पहुंचने की उम्मीद जताई जा रही है। बताया जा रहा है कि मृतक जगदीप तीन बहनों का इकलौता भाई था। उसके पिता की भी 11 साल पहले ही बीमारी से मौत हो चुकी है। परिवार में बच्चों सहित बुजुर्ग मां है। मृतक का एक 4 साल का बेटा व 6 माह की बेटी है। गांव तितरम के मृतक के चाचा ससुर दीपक ने बताया कि मौत के बाद परिवार ने सरकारी मदद के लिए लगातार कोशिश की, लेकिन उन्हें कोई आर्थिक सहायता नहीं मिली। स्पेन में रह रहे जगदीप के दोस्त ने फाउंडेशन से भी मदद ली।



# शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर 1.55 करोड़ की ठगी में तीन आरोपी गुजरात से गिरफ्तार

- दो आरोपियों ने मुहैया करवाए थे ठगी के लिए बैंक खाते, एक के खाते में आए थे 40 लाख



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

साइबर थाना पुलिस ने वर्ष 2024 में गुड़ियानी के दिनेश कुमार को शेयर मार्केट में निवेश के बदले मोटा पैसा कमाने का लालच देकर लगभग 1.55 करोड़ रुपये की ठगी करने के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दिनेश कुमार ने बताया था कि वह एक व्हाट्स एप ग्रुप से जुड़ा था। 27 जून 2024 को उसे एक एपीके फाइल मिली। डाउनलोड करते ही उसके मोबाइल फोन पर बार्लेज सिल नाम की कंपनी एप इंस्टाल हो गई। उसने एप को सही मानकर शेयर खरीदने के लिए 1.55 करोड़ रुपये ट्रांसफर कर दिए। बाद में उसे पता चला कि उसके साथ साइबर ठगी हुई है। पुलिस ने उसकी शिकायत पर 25 जुलाई 2024 को केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी।

इस मामले में साइबर थाना पुलिस ने गुजरात के वडोदरा निवासी प्रफुल्ल जगदीश बाविस्कर, राज महेंद्र भाई चौहान तथा शर्मा विवेक जगदीश को गिरफ्तार कर लिया। जगदीश के बैंक खाते में ठगी के 40 लाख रुपये ट्रांसफर हुए थे, जबकि दो अन्य आरोपियों ने बैंक खाता मुहैया कराने के लिए मध्यस्थ की भूमिका अदा की थी। पुलिस ने जगदीश को दो दिन के रिमांड पर लिया है। दोनों अन्य आरोपियों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया।

**प्रतिभा** | **कनिष्क चौहान ने फाइनल में 37 रन बनाए व 2 विकेट झटके**

# अंडर 19 क्रिकेट वर्ल्ड कप में चमका झज्जर का कनिष्क, बल्ले व गेंद से दिखाया कमाल

- ग्रामीणों ने एक साथ बैठकर देखा फाइनल मैच, अब 9 फरवरी को किया जाएगा सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

जिम्बावे में खेले जा रहे अंडर-19 वर्ल्ड कप के फाइनल मुकाबले में क्षेत्र के गांव कुलाना निवासी कनिष्क चौहान ने शानदार पारी खेलते हुए बीस गेंदों में तीन चौके और एक छक्का मारकर धुआंधार 37 रन बनाए। इसके कारण टीम का स्कोर 411 तक पहुंच गया।




झज्जर। कनिष्क के घर एक साथ बैठकर फाइनल मैच देखते परिजन व ग्रामीण।

बल्लेबाजी के अलावा कनिष्क ने दो विकेट भी झटके, जिसके कारण पूरे गांव में खुशी का माहौल है और कनिष्क के घर पर ग्रामीणों का बधाई देने का तांता लगा हुआ है। कनिष्क चौहान के पिता प्रदीप चौहान ने बताया कि इस मैच को लेकर ग्रामीणों और परिजनों में उत्साह था तो एक साथ बैठकर मैच देखा। उन्होंने बताया कि नौ फरवरी को गांव में पहुंचने पर कनिष्क का भव्य स्वागत किया जाएगा। इससे पहले पाकिस्तान के साथ मैच में भी कनिष्क ने 35 रन बनाए थे और एक विकेट लेकर मैन ऑफ द मैच का खिताब जीता था।

### सिरसा में ली थी कोचिंग

8 साल की उम्र में कनिष्क ने सिरसा में ट्रायल दिया। बेटे की तैयारी के लिए साल 2014 में परिवार ने झज्जर से सिरसा शिफ्ट कर लिया। कनिष्क ने डेरा सच्चा सौदा के शाह जी सतनाम स्टेडियम में क्रिकेट खेलना शुरू किया।



# पहले अपने को जोतो, फिर मन को जोड़ो, तब पढ़ाई के विषय शुरू करो: पीएम

**'परीक्षा पे चर्चा' 2026 के 9वें एडिशन में पीएम मोदी ने दिए छात्रों को सवालों के जवाब**

*इस पहल से अब तक 4.5 करोड़ से अधिक छात्र, शिक्षक और अभिभावक जुड़ चुके हैं, जिन्होंने माय गॉव पोर्टल के माध्यम से पंजीकरण कराया*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को परीक्षा पे चर्चा 2026 के 9वें संस्करण में देशभर के छात्रों से सीधा संवाद किया। यह वार्षिक कार्यक्रम सुबह 10 बजे शुरू हुआ, जिसका उद्देश्य छात्रों को परीक्षा के तनाव से मुक्त रखना और सीखने के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करना है। इस साल की परीक्षा पे चर्चा खास तौर पर छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य, आत्मविश्वास और पढ़ाई पर बेहतर फोकस को लेकर आयोजित की गई है। प्रधानमंत्री मोदी छात्रों को परीक्षा को बोझ नहीं, बल्कि सीखने के एक अवसर और उत्सव के रूप में देखने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की गति से सामंजस्य बैठाने का सबसे अच्छा तरीका यह है कि पहले अपने को जोतो, फिर मन को जोड़ो। उसके बाद पढाई के विषय शुरू करो।



*पीएम ने छात्रों को परीक्षा को बोझ नहीं, बल्कि सीखने के एक अवसर और उत्सव के रूप में देखने का संदेश दिया*

**मन को 'जोतने' का अर्थ है- विषय की तमाम जानकारियां जुटाना और जोड़ने का अर्थ है- एकाग्रता बनाए रखना। इससे समझ मजबूत होगी और आप एक कदम आगे चलेंगे**

### अपनी एकाग्रता को बढाएं

पीएम ने कहा कि मन को जोतने का अर्थ है, विषय की तमाम जानकारियां जुटाना और जोड़ने का अर्थ है, एकाग्रता बनाए रखना। इससे आपकी समझ मजबूत होगी और आप एक कदम आगे चलेंगे। इस पहल से अब तक 4.5 करोड़ से अधिक छात्र, शिक्षक और अभिभावक जुड़ चुके हैं, जिन्होंने माय गॉव पोर्टल के माध्यम से पंजीकरण कराया है। दिल्ली के साथ-साथ इस वर्ष का आयोजन

### पीएम ने यह भी समझाया

- उठने का समय, पढ़ने का समय और आराम का समय तय होना चाहिए। जब दिनचर्या स्पष्ट होती है, तो मन भटकता नहीं है
- छोटे-छोटे अनुशासन लंबे समय में बड़ी सफलता की नींव रखते हैं
- अभिभावक और शिक्षक बच्चों पर अनावश्यक दबाव न डालें
- लाइफ स्किल और प्रोफेशनल स्किल दोनों जरूरी
- जीवन में बस इतना ही सोचकर आगे बढ़ना सबसे बड़ी रुकावट
- पढ़ाई का उद्देश्य सिर्फ अंक लाना नहीं, बल्कि सीखने की आदत विकसित करना है
- याद वही रहता है, जिसमें हमारा पूरा इनवॉल्वमेंट होता है
- जीवन में सबसे उत्तम, श्रेष्ठ बनने का लक्ष्य रखना चाहिए

**'गेम' खेलने में समय बर्बाद नहीं करने की भी सलाह दी**

मोदी ने छात्रों को मनोरंजन के लिए 'गेम' खेलने में समय बर्बाद नहीं करने की सलाह दी। आपकी गेमिंग में रुचि है लेकिन भारत में डेटा सस्ता है तो सिर्फ समय काटने के लिए इसमें लिप्त मत होइए। इसे मनोरंजन के लिए मत करिए। जो लोग पैसे कमाने के लिए गेमिंग में लिप्त होते हैं, उनका ही नुकसान होता है। हमें देश में जुए को बढ़ावा नहीं देना है। मैंने ऑनलाइन जुए के खिलाफ कानून बनाया है।" प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि गेमिंग एक कौशल है क्योंकि इसमें काफी गति होती है और इसका उपयोग सतर्कता परखने तथा आत्म-विकास के लिए किया जा सकता है। प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि हर किसी का कार्य करने का अपना तरीका या शैली होती है। उन्होंने कहा कि जो बीत गया, मैं उसे नहीं देखता। मैं हमेशा आगे आने वाली चीजों के बारे में सोचता हूं। कुछ शिक्षक होते हैं जो केवल महत्वपूर्ण चीजें पढ़ाते हैं और अच्छे अंक लाने में आपकी मदद कर सकते हैं, लेकिन अच्छे शिक्षक सर्वांगीण विकास के लिए पूरा पाठ्यक्रम पढ़वाते हैं। जीवन में केवल परीक्षा अहम नहीं है। शिक्षा हमारे विकास का माध्यम है।" उन्होंने कहा, "मैं प्रधानमंत्री बन गया हूं। फिर भी,

## खबर संक्षेप

### 37 साल बाद दिल्ली में दौड़ेंगी डबल डेकर बसें

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली की सड़कों पर एक बार फिर इतिहास अंगड़ाई लेने जा रहा है। करीब तीन दशक पहले दिल्ली की पहचान रही दो-मंजिला यानी डबल डेकर बसें एक बार फिर अपनी रफ्तार भरने के लिए तैयार हैं। 1989 के बाद ओझल ये बसें बिल्कुल नए रंग-रूप और आधुनिक सुविधाओं के साथ वापसी कर रही हैं। दिल्ली सरकार ने फैसला किया है।

### सबरीमाला में सोना गायब, एक्टर को समन




**सबरीमाला।** सोने की चोरी के मामले में जांच जारी है। अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि प्रवर्तन निदेशालय ने चोरी के मामले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूछताछ के लिए एक्टर जयराम को समन भेजा है। एजेंसी कथित मुख्य आरोपी उन्नीकृष्णन पोट्टी को भी समन भेजने की तैयारी कर रही है। वे बेल मिलने के बाद जेल से बाहर आए हैं।

### भूकंप से हिला गोंडा 3.7 रही तीव्रता

**गोंडा।** शुक्रवार सुबह गोंडा भूकंप के झटकों से हिल गया। भूकंप की तीव्रता 3.7 मापी गई। इसका केंद्र इटियाथोक क्षेत्र के इटहिया नवीजोत गांव के आसपास बताया गया है।सुबह-सुबह अचानक धरती में कंपन महसूस होते ही लोग घरों से बाहर निकल आए। हालांकि राहत की बात यह रही कि अब तक किसी प्रकार की धनहानि या जनहानि की सूचना नहीं मिली है।

**नरवणे के अप्रकाशित संस्मरण समेत अन्य मुद्दों को लेकर गतिरोध**

# संसद में नहीं थमा विपक्ष का हंगामा सोमवार तक सदन की कार्यवाही स्थगित



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

- केंद्रीय मंत्री बोले- राहुल पीएम की पाठशाला जाएं तो कामयाब होंगे
- स्पीकर ओम बिरला ने विपक्ष के हंगामें पर जताई नाराजगी

सदन में सोमवार से गतिरोध की स्थिति बनी हुई है और कांग्रेस समेत विपक्ष के सदस्य राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को पूर्व सेना प्रमुख नरवणे के एक अप्रकाशित संस्मरण का हवाला देते हुए चीन से टकराव का मुद्दा उठाने की अनुमति नहीं मिलने, विपक्ष के आठ सदस्यों को आसन की अवमानना के मामले में निलंबित करने समेत विभिन्न मुद्दों पर हंगामा कर रहे हैं। स्पीकर ओम बिरला ने विपक्ष के हंगामें पर नाराजगी जताई। संसद में शुक्रवार को भी लोकसभा में हंगामा और नारेबाजी हुई। पहली बार 3 मिनट और दूसरी बार 7 मिनट तक ही कार्यवाही चल सकी। इसके बाद लोकसभा 9 फरवरी तक के लिए स्थगित कर दी गई। राज्यसभा को भी सोमवार तक के लिए स्थगित कर दिया गया। केंद्रीय मंत्री रवनीत बिट्टू ने राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि उन्हें कल सबने बालक कहा। आज पीएम की पाठशाला थी, जिसमें बच्चों को कामयाब होना बताया गया। अगर राहुल भी पीएम की पाठशाला में चले जाएं तो जिंदगी में कामयाब हो जाएंगे। गुरुवार को लोस और रास में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव हंगामे के बीच पास कर दिया गया। लोस में 2004 के बाद पहली बार यह प्रस्ताव प्रधानमंत्री के भाषण के बिना पास हुआ है।

**पक्ष और विपक्ष के आरोप-प्रत्यारोप**

### देश की समस्याएं नेहरू गांधी परिवार की देन हैं: निशिकांत



भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा कि हम जब 2014 में सरकार में आए तब पारदर्शिता है। लेकिन इस देश के बच्चों को ये नहीं पता कि इस देश में आज जो भी समस्याएं हैं वो नेहरू, गांधी परिवार की देन हैं। जो नेहरू गांधी परिवार ने किया है उसे जानने का अधिकार लोगों को है। इसलिए मैं लाइब्रेरी बनाऊंगा। मैंने लोगों से आग्रह किया है कि आपके पास जो किताबें हैं उनकी जानकारी दीजिए, हम वो सब किताबें खरीदेंगे और सब जनता को बताएंगे।

### खड़गे बोले- 10 साल में सिर्फ कांग्रेस को गाली दी



मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि हम सिख समुदाय का सम्मान करते हैं, मनमोहन सिंह हमारी सरकार में वित्त मंत्री थे। भाजपा सिखों, दलितों, आदिवासियों का सम्मान नहीं करती, पिछले 10 सालों में कांग्रेस को गाली देने के अलावा कुछ नहीं किया। खड़गे का यह बयान पीएम की राज्यभा में स्पीच पर आया है। जब पीएम ने कहा था कि कांग्रेस के अंदर सिखों के प्रति कूट-कूट करके नफरत भरी पड़ी है।

### निलंबित 8 सांसदों का संसद के बाहर प्रदर्शन




कांग्रेस और कुछ अन्य विपक्षी दलों के सांसदों ने अमेरिका के साथ देश के व्यापार समझौते, पूर्व सेना प्रमुख एम एम नरवणे के अप्रकाशित संस्मरण से जुड़े विवाद और लोकसभा से आठ सदस्यों के निलंबन को लेकर शुक्रवार को संसद परिसर में प्रदर्शन किया। सांसदों ने संसद परिसर में एक पोस्टर के साथ विरोध प्रदर्शन किया, जिसमें अमेरिका-भारत व्यापार समझौते को 'ट्रैप डील' बताया गया है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा, संसद के वर्तमान बजट सत्र की शेष अवधि से निलंबित किए गए सांसद और कई अन्य सांसद इसमें शामिल हुए।

**केंद्रीय गृहमंत्री का जम्मू-कश्मीर पहुंचे**

# शाह ने अंतरराष्ट्रीय सीमा से सटे इलाकों का दौरा किया



एजेंसी ▶▶ जम्मू

- केंद्रीय मंत्री ने सीमा सुरक्षा बल के जवानों से बातचीत की

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जम्मू कश्मीर के दो दिवसीय दौरे की शुरुआत करते हुए शुक्रवार को कठुआ में अंतरराष्ट्रीय सीमा से सटे अग्रिम क्षेत्रों में पहुंचे। अधिकारियों ने बताया कि गृह मंत्री ने हीरानगर सेक्टर में गुरनाम और बोबियां सीमा चौकियों का दौरा किया और सीमा की रक्षा कर रहे सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों से बातचीत की। शाह का यह दौरा सीमा पर बढ़ायी गयी चौकसी के बीच हो रहा है, जिसका उद्देश्य आतंकवादियों की घुसपैठ और हथियारों व नशीले पदार्थों की तस्करी को रोकना है। साथ ही आतंकवाद रोधी अभियान भी तेज किए गए हैं, जिनमें पिछले दो हफ्तों में कठुआ, उधमपुर और किश्तवार जिलों में लगभग करीब 12 मुठभेड़ों में जैश के चार पाकिस्तानी आतंकवादी मारे गए हैं। शाह बृहस्पतिवार देर रात जम्मू पहुंचे और उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, मुख्यमंत्री उमर और विस में विपक्ष के नेता सुनील शर्मा सहित भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने उनका स्वागत किया।

### आरएसएस ने कश्मीर से 'ध्वज यात्रा' शुरू की

**श्रीनगर (भाषा)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने संगठन के बारे में फैली "गलतफहमियों" को दूर करने के लिए शुक्रवार को कश्मीर से कन्याकुमारी तक 'ध्वज यात्रा' शुरू की। यात्रा की प्रतीकात्मक शुरुआत ऐतिहासिक लाल चौक से हुई और इसका समापन पर्यटक स्वागत केंद्र पर हुआ, जहां से प्रतिभागी आगे देश के अन्य हिस्सों की यात्रा के लिए वाहनों में सवार हुए। यात्रा में शामिल हो रहे प्रतिभागी वीर कपूर ने कहा, "इस यात्रा का उद्देश्य उन गलतफहमियों को दूर करना है कि आरएसएस कुछ खास लोगों के खिलाफ है। हम उन लोगों तक असली इतिहास भी पहुंचाना चाहते हैं, जिन्हें अब तक इतिहास तोड़-मरोड़कर ही बताया गया है।'आरएसएस के 100 वर्ष पूरे होने और संगठन द्वारा किए गए कार्यों का उत्सव मनाने के लिए 'शतक' नामक फिल्म बनाई गई है जो 19 फरवरी को रिलीज होगी।

**भाजपा-एआईएमआईएम ने मिलाया हाथ**

# अमरावती में भाजपा के तेजवानी बने महापौर, सचिन उपमहापौर

**अमरावती।** महाराष्ट्र की अमरावती महानगरपालिका के मेयर चुनाव में राजनीति के अप्रत्याशित समीकरण सामने आए हैं। भाजपा की कट्टर विरोधी मानी जाने वाली एआईएमआईएम की पार्षद मीरा कांबले ने ऐन वक्त पर भाजपा उम्मीदवार श्रीचंद तेजवानी के पक्ष में मतदान किया। इससे भाजपा के श्रीचंद तेजवानी अमरावती के मेयर निर्वाचित हो गए। उपमहापौर पद के लिए भी चुनाव हुआ, जिसमें युवा स्वाभिमान पार्टी के सचिन भेंडे को उपमहापौर चुना गया।



### सत्ता साझेदारी का फार्मूला

अमरावती महानगरपालिका में अब महायुति की सत्ता है। इसमें भाजपा, शिवसेना (शिंदे गुट), राकांपा (अजित पवार गुट) और युवा स्वाभिमान पार्टी शामिल हैं। श्रीचंद पहले 1.5 वर्ष तक मेयर रहेंगे, इसके बाद भाजपा के ही आशीष अतकरे 1.5 वर्ष के लिए मेयर होंगे। पद संभालेंगे।

**सीएम उमर का बजट में ऐलान**

# 554 स्कूलों में मिलेगी वोकेशनल एजुकेशन, 200 ई-बसें चलेंगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने शुक्रवार को केंद्र शासित प्रदेश के लिए 1.13 लाख करोड़ का बजट पेश किया। इस वित्तीय योजना का मकसद केंद्र शासित प्रदेश में स्थायी विकास, सामाजिक सद्भाव और आर्थिक समृद्धि के लिए एक मजबूत नींव रखना है। अब्दुल्ला ने जम्मू-कश्मीर में 2आयुष अस्पताल की घोषणा की। राजौरी, बारामूला और डोडा में कैथ लैब व उरी और पुंछ में इमरजेंसी अस्पताल खोले जाएंगे। एम्स कश्मीर 2026 में शुरू किए जाने का ऐलान किया गया। सीमावर्ती जिलों के लिए बुलेट प्रूफ एंबुलेंस सेवा भी शुरू होगी। 554 स्कूलों में वोकेशनल एजुकेशन की शुरुआत की जाएगी। उन्होंने लक्ष्य रखा कि 200 नई ई-बसें चलाई जाएंगी। नए कल्चरल सेंटर बनाए जाएंगे। नौकरियों को बढ़ावा देने के लिए कठुआ और हंदवाड़ा बायोटेक पार्क को फिर से शुरू होगा।

**होली के निकट आने पर लोगों की आवाजाही बढ़ी**

# रेलवे 1410 स्पेशल ट्रेन चलाएगा यूपी और बिहार होंगे लाभान्वित

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

होली का त्योहार नजदीक आते ही देशभर में यात्रियों की आवाजाही तेज होने लगी है। रंगों के इस पर्व को मनाने के लिए बड़ी संख्या में लोग अपने अपने घरों की ओर रवाना होंगे। ऐसे में रेलवे ने स्टेशन पर बढ़ने वाली भीड़ को देखते हुए रेलवे ने खास तैयारी की है। रेलवे ने ऐलान किया है कि होली 2026 के दौरान रिकॉर्ड 1410 से ज्यादा स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएंगी। इसके साथ ही जरूरत पड़ने पर इन ट्रेनों की संख्या 1500 तक बढ़ाई जा सकती है। रेलवे ने साल 2025 में होली के लिए कुल 1144 स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया था।

### जरूरत पड़ने पर ट्रेनों की संख्या 1500 तक बढ़ाई जाएगी

रेल मंत्रालय ने कहा कि जरूरत पड़ने पर ट्रेनों की संख्या 1500 तक बढ़ाई जाएगी। साथ ही कहा कि जोन के हिसाब से होली स्पेशल ट्रेनों का संचालन तय किया है। इसमें पूर्व मध्य रेलवे सबसे आगे है। यहां से 285 स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएगी। पश्चिम रेलवे पश्चिमी रूटों पर भीड़ को देखते हुए 231 ट्रेन चलाए जाने की योजना है। मध्य रेलवे की ओर से 209 होली स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएंगी। दक्षिण मध्य रेलवे कुल 160 ट्रेनों का संचालन करेगा। उत्तर रेलवे 108 और उत्तर पश्चिम रेलवे 71 स्पेशल ट्रेन चलाने की योजना पर काम कर रहा है।

# मुठभेड़ में 7 नक्सली ढेर एक जवान भी शहीद

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र बॉर्डर पर पुलिस और नक्सलियों के बीच हुए मुठभेड़ में 7 नक्सली ढेर हुए हैं। इनमें 3 महिला नक्सली शामिल हैं। वहीं महाराष्ट्र का एक जवान शहीद हो गया, 1 अन्य जवान घायल है। 6 फरवरी की सुबह अबूझमाड़ के जंगल में दोनों ओर से हुई गोलीबारी में महाराष्ट्र के सी-60 कमांडोज ने पहले 3 और फिर 4 नक्सलियों को मार गिराया। इस दौरान नक्सलियों की ओर से फायरिंग में गोली कॉन्स्टेबल दीपक चिन्ना मदावी (38 साल) को जा लगी। उन्हें तुरंत एयरलिफ्ट कर भामरागड़ के अस्पताल लाया गया। जहां ऑपरेशन के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। मामला महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले के भामरागढ़ तहसील क्षेत्र का है। शहीद जवान दीपक को गार्ड ऑफ ऑनर देकर शव गृहग्राम रवाना किया गया है। इस मुठभेड़ में एक और जवान किष्ट्यापल्ली के रहने वाले जोगा मदवी को भी रात में एक गोली लगी थी। उन्हें भी एयरलिफ्ट करके भामरागड़ लाया गया।

**शीर्ष अदालत ने प्रशांत किशोर को लगाई फटकार**

# जनता ने नकारा तो कोर्ट का इस्तेमाल कर रहे

- पूछा- आपकी पार्टी जन सुराज पार्टी को कितने वोट मिले
- सुको ने याचिकाकर्ता से पूछा कि आप हाईकोर्ट क्यों नहीं गए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने बिहार विधानसभा चुनाव निरस्त किये जाने संबंधी याचिका पर पूर्व राजनीतिक रणनीतिकार प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी को शुक्रवार को फटकार लगाते हुए कहा कि जब लोग "आपको नकार देते हैं, तो आप राहत पाने के लिए" न्यायिक मंच का सहारा लेते हैं। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जयमाल्या बागची की पीठ ने जन सुराज की संबंधित याचिका खारिज कर दी और याचिकाकर्ता को पटना उच्च न्यायालय का रुख करने को कहा। पीठ ने चुनाव हारने के बाद लोकप्रियता हासिल करने के लिए न्यायिक मंच का इस्तेमाल करने की कोशिश को लेकर गहरी नाराजगी भी जताई। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा कि आपको कितने वोट मिले? जब लोग आपको नकार देते हैं, तो आप राहत पाने के लिए न्यायिक मंच का सहारा लेते हैं! किसी को तो उसी समय योजना को चुनौती देनी चाहिए थी।

## बिहार विस चुनाव रद्द करने की मांग वाली याचिका खारिज



### पीठ ने कहा-आप उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाएं

पीठ ने कहा कि यह याचिका पूरे राज्य के लिए एक समग्र चुनाव याचिका के अलावा और कुछ नहीं है। पीठ ने कहा कि चूंकि यह मामला सिर्फ एक राज्य से संबंधित है, इसलिए कृपया संबंधित (पटना) उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाएं। हालांकि, न्यायालय ने यह भी कहा कि कुछ मामलों में मुफ्त योजनाओं का गंभीर मुद्दा है, जिसकी वह गंभीरता से पड़ताल करेगा। किशोर की पार्टी ने अपनी याचिका में 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) के उल्लंघन का हवाला दिया था और चुनाव निरस्त करने का शीर्ष अदालत से अनुरोध किया था।

**याचिका में कहा- महिलाओं के खातों में पैसे ट्रांसफर कर चुनाव जीते**

याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया कि इस योजना के तहत चुनाव प्रक्रिया के दौरान 15600 करोड़ रुपए महिला वोटरों के बैंक खातों में ट्रांसफर किए गए। याचिकाकर्ता से पूछा कि आप हाईकोर्ट क्यों नहीं गए? सुको में दायर याचिका में कहा गया था कि चुनाव के दौरान बिहार सरकार ने गैरकानूनी तरीके अपनाए, इसलिए चुनाव रद्द करके दोबारा करवाए जाएं। याचिका में कहा गया था कि राज्य में जब आदर्श आचार संहिता लागू थी, तब महिला वोटरों को 10 हजार रुपये सीधे ट्रांसफर किए गए। उस वक्त ऐसे कदम को गैरकानूनी माना जाना चाहिए।

### महज पूछताछ के लिए गिरफ्तार नहीं किया जा सकता: सुको

**नई दिल्ली (भाषा)।** उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि किसी व्यक्ति को महज पूछताछ करने के लिए गिरफ्तार नहीं किया जा सकता और स्पष्ट किया कि पुलिस अधिकारी द्वारा की जाने वाली गिरफ्तारी केवल एक वैधानिक विवेकाधिकार है, जिसे अनिवार्य नहीं माना जा सकता। न्यायमूर्ति एम. एम. सुंदरेश और न्यायमूर्ति एन. के. सिंह की पीठ ने कहा कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस), 2023 के प्रावधानों के तहत गिरफ्तारी की शक्ति की व्याख्या एक सख्त वस्तुनिष्ठ आवश्यकता के रूप में की जानी चाहिए, न कि पुलिस अधिकारी की सुविधा के रूप में। न्यायालय ने कहा, "इसका यह मतलब नहीं है कि पुलिस अधिकारी महज पूछताछ करने के लिए किसी को गिरफ्तार कर सकता है।


**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

वर्कशॉप इलेक्ट्रिकल इंजीनियर (आई/सी) उत्तर रेलवे, जगाधरी वर्कशॉप, यमुनानगर, हरियाणा-135002, भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से, केवल निम्नलिखित कार्यों के लिए ऑनलाइन मोड के माध्यम से ई–निविदाएं आमंत्रित करता है:–

| | | | |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | "दो साल की अवधि के लिए AC (स्प्लिट AC और विंडो AC) और वाटर कूलर का कॉम्प्रिहेंसिव मेंटेनेंस कॉन्ट्रैक्ट"। | | |
| निविदा प्रकार | खुला | बोली प्रणाली | एकल पैकेट प्रणाली |
| निविदा विक्रय समापन तिथि | 05.03.2026 प्रातः 11.30 बजे। | निविदा अपलोड करने की तिथि एवं समय | 06.02.2026 15:14 बजे |
| पूर्व-बोली आवश्यक है | नहीं | आज तक प्री-बिड क्वेरी | ना |
| विज्ञापन मूल्य | रु. 13,70,436.70/- सभी कर जीएसटी आदि सहित। | निविदा अनुभाग | टेंडर एवं वर्क्स/ इलेक्ट्रिकल शाखा जगाधरी वर्कशॉप। |
| अग्रिम धन | रु. 27,400/- | ऑफर की वैधता | 60 दिन |
| निविदा दस्तावेज़ लागत | Nil (अप्रैल 2022 के भाग-I खंड संख्या 3 के अनुसार) | समापन की अवधि | 24 माह |
| बोली आरंभ तिथि | 19.02.2026 | बोली समाप्ति तिथि | 05.03.2026 प्रातः 11.30 बजे। |
| निविदा खोलने की तिथि एवं समय | उसके बाद किसी भी समय निविदा को बंद किया जा सकता है। निविदाकर्ताओं को उद्घाटन के दौरान उपस्थित रहने की आवश्यकता नहीं है। निविदा बंद होने के बाद किसी भी समय निविदा खोलने का अधिकार रेलवे के पास सुरक्षित है। | | |
| वेबसाइट | www.ireps.gov.in पर जाएं | | |

सं.: 56/डब्ल्यू/इलेक्ट्रि/25-26/टी/01/एएमसी एसी 421/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## चिंतन

# सालों से जो बोया, वही काट रहा है पाकिस्तान

जैसा बोएंगे, वैसा काटेंगे। यह कहावत पाकिस्तान पर पूरी तरह से सटीक उतरती है। सालों तक आतंकवाद का पालन-पोषण करने के बाद आज पाकिस्तान खुद उसी आतंकवाद से जूझ रहा है। पाकिस्तान ने सरकारी नीति बनाकर आतंकवाद को शह दी। सरकारी संरक्षण की वजह से वहां आतंकवाद दिन दूनी, रात चौगुनी तेजी से फैला। हालात यह हो गए हैं कि भारत सहित दुनिया के तमाम हिस्सों में होने वाली किसी भी आतंकी वारदात में प्रत्यक्ष या परोक्ष पाकिस्तान का हाथ निकल ही जाता है। भारत सालों से पाकिस्तानी आतंकवाद का शिकार रहा है। ऑपरेशन सिंदूर में आतंकी ठिकानों पर हुए भारतीय हमलों में मारे गए आतंकियों के जनाजों को कंधा देते हुए पाकिस्तानी सैन्य अफसरों के फोटो व वीडियो दुनिया ने देखे हैं। शुक्रवार को पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में एक शिया मस्जिद में कथित आत्मघाती बम विस्फोट में दर्जनों लोगों की मौत हो गई और डेढ़ सौ से अधिक लोग घायल हो गए। शहजाद टाउन क्षेत्र स्थित तरलाई इमामबारगाह में शुक्रवार की नमाज के दौरान विस्फोट हुआ। यह घटना उस समय हुई जब उज़्बेकिस्तान के राष्ट्रपति शवकत मिर्ज़ियोयेव पाकिस्तान के दौरे पर थे। फिलहाल किसी भी समूह ने इस विस्फोट की जिम्मेदारी नहीं ली है, लेकिन पुलिस सूत्रों का कहना है कि हमलावर एक विदेशी नागरिक था और उसके संबंध 'फितना अल ख्वाराजी' से थे। तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) को 'फितना अल ख्वाराजी' कहा जाता है। टीटीपी तालिबान का एक सहयोगी संगठन है, जो मुख्य रूप से पड़ोसी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सक्रिय है। हमला किसने किया, यह जांच का विषय हो सकता, लेकिन यह आतंकवादी हमला था, इस पर कोई शक नहीं है। सवाल यह है कि जिस तालिबानी संगठन का नाम इस विस्फोट से जुड़ रहा है, उसको पाकिस्तान ने ही पाला-पोसा और बड़ा बनाया। बदली परिस्थितियों में पाकिस्तान का वही सृजन उसके लिए चुनौती बन गया है। पाकिस्तान के कई राज्यों में ऐसी घटनाएं लगातार हो रही है। आतंकी घटनाओं का दुखद और मानवीय पहलू यह है कि इसके शिकार हमेशा निर्दोष और मासूम लोग ही होते हैं। इनमें बड़ी संख्या बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों की होती है। किसी आतंकी घटना में बचे लोग भी लंबे समय उसकी दहशत से नहीं उबर पाते। असल में आतंकवाद किसी सरकार या देश से अधिक मानवता के खिलाफ अपराध होता है। पाकिस्तान के शासकों ने शायद ही कभी इस बात को समझा हो, क्योंकि आज भी भारत के खिलाफ उसकी यह नीति जारी है। भारत के सख्त रुख के बाद उसकी गतिविधियां कुछ कम तो हुई हैं, लेकिन वह अब भी अजहर मसूद जैसे दुर्दांत आतंकी को प्रश्रय दे रहा है। कई आतंकी कैंप चला रहा है। वह अब भी यह मानने को तैयार नहीं है कि आतंकवाद की उसकी सरकारी नीति ने पाकिस्तान के आम लोगों की जिंदगी को नरक बना दिया है। जो संसाधन लोगों की भलाई के लिए इस्तेमाल होने थे, वे आतंकवाद को पोषित करने में लग रहे हैं। अब तो यह हालात हो गए है कि पाकिस्तान का कोई इलाका सुरक्षित नहीं है। करीब तीन महीने पहले भी इस्लामाबाद में जिला एवं सत्र न्यायालय की इमारत के बाहर एक आत्मघाती बम विस्फोट में 12 लोगों की मौत हो गई थी। इसी महीने की शुरुआत में एक अन्य आत्मघाती हमले में खैबर पख्तूनख्वा के दक्षिण वज़ीरिस्तान स्थित एक कैडेट कॉलेज में छह लोग घायल हो गए थे। बेहतर हो कि पाकिस्तान अब अपने गिरेबां में झांके।




करियर
ममता कुशवाहा

# 'ऑरेंज इकॉनमी' युवाओं का भविष्य

> पारंपरिक क्षेत्रों में जहां विकास का आधार मुख्यतः प्राकृतिक संसाधन या विनिर्माण उद्योग रहे हैं, वहीं ऑरेंज इकॉनमी विचारों, प्रतिभा, डिजिटल रचनात्मकता, डिज़ाइन, मीडिया, मनोरंजन और सांस्कृतिक अभिव्यक्ति पर आधारित है। भारत जैसे युवाओं की विशाल आबादी वाले देश, जहां समृद्ध सांस्कृतिक विरासत मौजूद है, ऑरेंज इकॉनमी न केवल एक नया आर्थिक दृष्टिकोण प्रस्तुत करती है, बल्कि बेरोज़गारी की समस्या के समाधान, कौशल विकास के विस्तार और वैश्विक रचनात्मक उद्योगों में नेतृत्व स्थापित करने का एक सशक्त अवसर भी प्रदान करती है। युवाओं के लिए यह केवल एक नया करियर विकल्प नहीं, बल्कि आत्म-अभिव्यक्ति, नवाचार और वैश्विक प्रभाव का द्वार है।

ऑरेंज इकॉनमी की अवधारणा इस बात में एक क्रांतिकारी बदलाव का संकेत देती है कि देश रचनात्मकता, नवाचार और सांस्कृतिक उद्योगों को आर्थिक विकास के प्रमुख स्रोत के रूप में कैसे देखते हैं। पारंपरिक क्षेत्रों में जहां विकास का आधार मुख्यतः प्राकृतिक संसाधन या विनिर्माण उद्योग रहे हैं, वहीं ऑरेंज इकॉनमी विचारों, प्रतिभा, डिजिटल रचनात्मकता, डिज़ाइन, मीडिया, मनोरंजन और सांस्कृतिक अभिव्यक्ति पर आधारित है।

भारत जैसे देश के लिए, जहां युवाओं की विशाल आबादी और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत मौजूद है, ऑरेंज इकॉनमी न केवल एक नया आर्थिक दृष्टिकोण प्रस्तुत करती है, बल्कि बेरोज़गारी की समस्या के समाधान, कौशल विकास के विस्तार और वैश्विक रचनात्मक उद्योगों में नेतृत्व स्थापित करने का एक सशक्त अवसर भी प्रदान करती है। अपने मूल स्वरूप में ऑरेंज इकॉनमी के अंतर्गत एनीमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग, कॉमिक्स, डिज़ाइन, डिजिटल कंटेंट निर्माण, संगीत, फिल्म, विज्ञापन, फैशन और रचनात्मक तकनीक जैसे क्षेत्र शामिल हैं। ये सभी उद्योग तेज़ी से डिजिटल प्लेटफॉर्म और वैश्विक बाज़ारों से जुड़े हुए हैं, जिससे दूर-दराज़ क्षेत्रों में रहने वाले युवाओं के लिए भी इनमें प्रवेश संभव हो गया है। इंटरनेट की बढ़ती पहुंच और डिजिटल उपकरणों के प्रसार के साथ रचनात्मकता अब केवल शौक नहीं, बल्कि एक सम्मानजनक और टिकाऊ करियर विकल्प बनती जा रही है। यह बदलाव पारंपरिक रोजगार मॉडल से अलग है, जहां सफलता का रास्ता मुख्यतः इंजीनियरिंग, चिकित्सा या सरकारी नौकरियों जैसे परंपरागत पेशों से जुड़ा हुआ था। ऑरेंज इकॉनमी का सबसे आशाजनक पक्ष इसकी व्यापक स्तर पर रोजगार सृजन की क्षमता है। जैसे-जैसे रचनात्मक उद्योगों का विस्तार हो रहा है, वैसे-वैसे विभिन्न प्रकार के कौशलों की मांग भी बढ़ रही है, जैसे एनीमेशन और कोडिंग में तकनीकी दक्षता, कहानी लेखन, डिज़ाइन थिंकिंग, मार्केटिंग और डिजिटल रणनीति। सरकारें और शैक्षणिक संस्थान अब इस संभावना को गंभीरता से समझने लगे हैं। स्कूलों और कॉलेजों में क्रिएटिव लैब की स्थापना, पाठ्यक्रमों में रचनात्मक कौशलों का समावेश और डिजिटल कला से जुड़े व्यावसायिक प्रशिक्षण पर जोर, भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप कार्यबल तैयार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। अनुमान है कि 2030 और उसके बाद लाखों युवा रचनात्मक क्षेत्रों में अवसर प्राप्त कर सकेंगे, जिससे आर्थिक विकास के साथ-साथ सांस्कृतिक समृद्धि भी बढ़ेगी। इस परिवर्तन की आधारशिला कौशल विकास है। पारंपरिक शिक्षा प्रणाली अक्सर रटंत विद्या और सैद्धांतिक ज्ञान पर केंद्रित रही है, जिसमें रचनात्मकता और नवाचार के लिए बहुत कम स्थान होता है। जबकि ऑरेंज इकॉनमी एक ऐसे दृष्टिकोण की मांग करती है, जो प्रयोग, आलोचनात्मक सोच, सहयोग और बहुविषयक अध्ययन को प्रोत्साहित करे। जब छात्रों को प्रारंभिक स्तर से ही रचनात्मक उपकरणों और डिजिटल प्लेटफॉर्म से परिचित कराया जाता है, तो उनमें न केवल तकनीकी दक्षता विकसित होती है, बल्कि आत्मविश्वास और उद्यमशीलता की भावना भी जागृत होती है। यही मानसिक बदलाव उन्हें वैश्विक रचनात्मक अर्थव्यवस्था में प्रतिस्पर्धा करने के



लिए सक्षम बनाता है। ऑरेंज इकॉनमी का एक महत्वपूर्ण पहलू अवसरों का लोकतंत्रीकरण है। पूंजी-प्रधान उद्योगों के विपरीत, रचनात्मक क्षेत्रों में प्रवेश के लिए अपेक्षाकृत कम निवेश की आवश्यकता होती है। एक लैपटॉप, इंटरनेट कनेक्शन और रचनात्मक सोच, ये तीनों मिलकर डिजिटल कंटेंट, डिज़ाइन या गेमिंग जैसे क्षेत्रों में करियर की शुरुआत के लिए पर्याप्त हो सकते हैं। यह सुविधा विशेष रूप से उन युवाओं के लिए महत्वपूर्ण है, जो आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों या ग्रामीण क्षेत्रों से आते हैं और जिनके पास पारंपरिक करियर विकल्पों तक पहुंच सीमित होती है। रचनात्मक कौशल और डिजिटल साक्षरता से उन्हें सशक्त बनाकर ऑरेंज इकॉनमी सामाजिक-आर्थिक असमानताओं को कम करने और समावेशी विकास को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। फिल्म, संगीत, फैशन और डिजिटल कंटेंट के माध्यम से सांस्कृतिक कथाएं अंतरराष्ट्रीय दर्शकों तक पहुंचती हैं। जैसे-जैसे भारतीय रचनात्मक उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिलती है, वैसे-वैसे देश की सांस्कृतिक उपस्थिति और आर्थिक प्रभाव भी मजबूत होता जाता है। हालांकि, एक सशक्त ऑरेंज इकॉनमी की दिशा में यात्रा चुनौतियों से मुक्त नहीं है। आधारभूत संरचना की कमी, गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण का अभाव, वित्तीय संसाधनों तक सीमित पहुंच और अपर्याप्त नीति ढाँचे विकास में बाधा बन सकते हैं। इन बाधाओं को दूर करने के लिए सरकार, शैक्षणिक संस्थानों, निजी क्षेत्र और नागरिक समाज के बीच समन्वित प्रयास आवश्यक हैं। ऐसी नीतियां बनाई जानी चाहिए, जो स्टार्टअप्स को प्रोत्साहित करें, बौद्धिक संपदा की रक्षा करें, नवाचार को बढ़ावा दें और रचनात्मक उद्यमियों को वित्तीय सहायता प्रदान करें।

इसके अतिरिक्त, ऑरेंज इकॉनमी के विकास के लिए सामाजिक दृष्टिकोण में भी परिवर्तन आवश्यक है। अनेक समाजों में रचनात्मक पेशों को आज भी अस्थिर या कम प्रतिष्ठित माना जाता है, जबकि पारंपरिक नौकरियों को अधिक सुरक्षित समझा जाता है। इस मानसिकता को बदलना युवाओं की प्रतिभा को पूरी तरह विकसित करने के लिए अत्यंत आवश्यक है। जब रचनात्मकता को एक वैध और मूल्यवान आर्थिक संपत्ति के रूप में स्वीकार किया जाएगा, तब युवा बिना सामाजिक या आर्थिक भय के अपने जुनून को अपनाने के लिए प्रेरित होंगे। दीर्घकालिक दृष्टि से देखा जाए तो ऑरेंज इकॉनमी रोजगार और आर्थिक विकास की संरचना को नए सिरे से परिभाषित कर सकती है। जैसे-जैसे स्वचालन और कृत्रिम बुद्धिमत्ता पारंपरिक क्षेत्रों में रोजगार के अवसर कम कर रही हैं, वैसे-वैसे रचनात्मक उद्योग अधिक प्रासंगिक और टिकाऊ बनते जा रहे हैं। मानवीय कल्पना, भावनात्मक बुद्धिमत्ता और सांस्कृतिक अभिव्यक्ति को मशीनें आसानी से प्रतिस्थापित नहीं कर सकतीं। इसलिए रचनात्मकता में निवेश करना केवल एक आर्थिक रणनीति नहीं, बल्कि डिजिटल युग में सतत विकास की अनिवार्य आवश्यकता है। ऑरेंज इकॉनमी युवाओं के सशक्तिकरण, कौशल विकास और राष्ट्रीय प्रगति के लिए एक नए क्षितिज का उद्घाटन करती है। रचनात्मक प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करके, शिक्षा प्रणाली में सुधार लाकर और सहयोगी पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करके भारत जैसे देश ऑरेंज इकॉनमी की शक्ति का उपयोग कर चुनौतियों को अवसरों में बदल सकते हैं। युवाओं के लिए यह केवल एक नया करियर विकल्प नहीं, बल्कि आत्म-अभिव्यक्ति, नवाचार और वैश्विक प्रभाव का द्वार है। जैसे-जैसे दुनिया ज्ञान और रचनात्मकता आधारित भविष्य की ओर बढ़ रही है, ऑरेंज इकॉनमी आशा की किरण बनकर उभरती है, जो मानव रचनात्मकता और सांस्कृतिक समृद्धि पर आधारित समृद्धि का वादा करती है।

(लेखिका शिक्षिका हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

## आर्थिकी

सतीश सिंह



# मौद्रिक समीक्षा पर महंगाई का साया

महंगाई को 4% के लक्ष्य पर स्थिर रखने की प्रतिबद्धता, खाद्य कीमतों में उतार-चढ़ाव और अनिश्चित वैश्विक आर्थिक माहौल के कारण और विकास की रफ्तार को बनाए रखने के लिए सतर्क रुख अपनाते हुए भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) ने 6 फरवरी को नीतिगत ब्याज दर को 5.25% के स्तर पर अपरिवर्तित रखा। रिजर्व बैंक का प्राथमिक लक्ष्य महंगाई को नियंत्रित करना है। अस्तु,खाद्य पदार्थों की कीमतों में अनिश्चितता के कारण रिजर्व बैंक ने फिलहाल दरों को कम न करने का निर्णय लिया ताकि महंगाई और न बढ़े। दुनिया भर में आर्थिक अस्थिरता और भू-राजनीतिक तनावों के कारण भारतीय अर्थव्यवस्था पर लगातार दबाव बना हुआ है, जिसके कारण सतर्कता बरतना आवश्यक है। डॉलर के मुकाबले रुपये की अस्थिरता और बॉन्ड यील्ड के दबाव के कारण भी केंद्रीय बैंक ने रेपो दर में कटौती करने से गुरेज किया। दिसंबर 2025 में रिजर्व बैंक ने रेपो दर में 0.25% की कटौती की थी, जिससे यह मौजूदा स्तर पर आ गया। वैसे, 2025 की शुरुआत से रिजर्व बैंक नीतिगत दरों में 125 आधार अंकों की कटौती कर चुका है, लेकिन अभी तक बैंकों ने इस कटौती का पूरा फायदा ग्राहकों को नहीं दिया है, क्योंकि अभी भी नये ऋणों में आधार अंकों की कटौती करना शेष है. इसलिए, रिजर्व बैंक द्वारा नीतिगत दरों को यथावत रखने के बाद भी उधारी दरों में कटौती की गुंजाइश बनी हुई है। रिजर्व बैंक,जिस दर पर बैंकों को ऋण देता है, उसे रेपो दर कहते हैं। जब रिजर्व बैंक इसे घटाता है तो बैंकों को सस्ता कर्ज मिलता है और बैंक इसका लाभ आमजन और जरूरतमंदों तक पहुंचाते हैं। हालांकि,नीतिगत दरों में कटौती नहीं करने के बावजूद जरूरत पड़ने पर रिजर्व बैंक नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) में कटौती करके और ओपन मार्केट ऑपरेशंस (ओएमओ) के जरिये बैंकिंग प्रणाली की तरलता को बढ़ा सकता है। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय बैंक ने 29 जनवरी 2026 को हुई नीलामी सहित, ओएमओ के माध्यम से रिजर्व बैंक बैंकिंग प्रणाली में लगभग 1.5 लाख करोड़ रुपये डाल चुका है। सबसे महत्वपूर्ण,भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास की गति अच्छी है। केंद्रीय बैंक मौद्रिक समीक्षा के दौरान वित्त वर्ष 2026 के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के वृद्धि अनुमान को 7.3% से बढ़ाकर 7.4% कर दिया, जबकि वित्त वर्ष 2027 की पहली तिमाही में इसके 6.9% रहने का अनुमान जताया है, जो इसके पहले 6.7% था, वहीं, वित्त वर्ष 2027 की दूसरी तिमाही में जीडीपी के 7% रहने का अनुमान जताया है, जो पहले 6.8% था। इसके अलावा, हाल ही में अमेरिकी सरकार ने टैरिफ को 50% से घटाकर 18% कर दिया है, जिससे निर्यात में इजाफा, आर्थिक गतिविधियों में तेजी, व्यापार घाटा में कमी आने, विदेशी मुद्रा में इजाफा आदि होने की उम्मीद है, जिससे अर्थव्यवस्था में मजबूती आएगी। रिजर्व बैंक ने वित्त वर्ष 2026 के दौरान महंगाई के 2.1% रहने का अनुमान जताया है, जो पहले 2% था। वहीं, वित्त वर्ष 2026 की चौथी तिमाही में इसके 3.2% रहने का अनुमान जताया है, जो पहले 2.9% था। महंगाई के कारण लोगों की क्रय शक्ति में कमी, जीवनयापन की लागत में वृद्धि, और बचत के वास्तविक मूल्य में गिरावट आती है। इससे गरीबों पर सबसे अधिक असर पड़ता है, क्योंकि उन्हें बुनियादी आवश्यकताओं, जैसे भोजन और स्वास्थ्य के मद में ज्यादा खर्च करना पड़ता है। यह आर्थिक विकास को भी बाधित करती है और कंपनियों के मुनाफे को भी कम करती है। महंगाई दर के जमा दर से अधिक होने पर बैंक में जमा पैसों की वास्तविक कीमत घट जाती है और भविष्य के लिए जमा की गई पूंजी कम हो सकती है और बुढ़ापे में वित्तीय संकट पैदा हो सकता है। आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार जनवरी, 2026 में, भारतीय बैंकिंग क्षेत्र की ऋण वृद्धि दर धीमी होकर वर्ष दर वर्ष के आधार पर 13.1% रह गई, जो दिसंबर 2025 में 14.5% थी। वहीं, 5 जनवरी, 2026 को खत्म हुए पखवाड़े तक जमा वृद्धि दर कम होकर वर्ष दर वर्ष के आधार पर 10.6% रह गई। इस तरह, इस अवधि में बैंक जमा में लगभग 3 लाख 57 हजार करोड़ रुपये की कमी आई, जिससे क्रेडिट-डिपॉजिट अनुपात रिकॉर्ड 82.2% के उच्च स्तर पर पहुंच गया। इस वजह से फिलवक्त,बैंक तरलता की कमी का सामना कर रहे हैं और उन्हें जरूरतमंदों को ऋण देने में मुश्किलें आ रही है। निष्कर्ष के तौर पर कह सकते हैं कि महंगाई आमजन और विकास की राह में एक बहुत बड़ी बाधक है। चूंकि, आगामी महीनों में इसमें तेजी आने की आशंका है, इसलिए, रिजर्व बैंक ने सतर्कता बरतते हुए रेपो दर को यथावत रखा है। बैंक जमा में लगातार कमी आने के कारण मौजूदा समय में बैंक पूंजी की भारी कमी का सामना कर रहे हैं।

(लेखक एसबीआई में एजीएम हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# मानव के लिए नैतिक मूल्यों का क्या महत्व है



संकलित

## दर्शन

नैतिक मूल्य मानव को परिपूर्णता प्रदान कर उसे ईश्वरीय रचनाओं में श्रेष्ठ बनाते हैं, परंतु आधुनिकता के नाम पर इन मूल्यों का निरंतर अवमूल्यन होता जा रहा है। बढ़ता भौतिकतावाद उन्हें लील रहा है। परिणामस्वरूप नैतिकता घुट-घुटकर ही सांस ले पा रही है। यह स्थिति तब है जब नैतिकता को मानव समाज के अभिन्न अंग के रूप में मान्यता मिली है। नैतिकता के अभाव में मनुष्यता का आकलन संभव ही नहीं। नैतिकता व्यक्ति के विकास में एक सीढ़ी के समान है, जिसके सहारे हम अपने जीवन में आगे बढ़ते हैं। नैतिक मूल्यों के अभाव में मनुष्य मानव जीवन को निरर्थक बना देता है। प्रख्यात विचारक अल्बेयर कामू ने भी कहा है कि नैतिकता के बिना एक व्यक्ति इस दुनिया में किसी पशु के समान है। हम जीवन में महत्वपूर्ण निर्णय नैतिक कसौटी पर कसने के बाद ही करते हैं, लेकिन देखने में आता है कि कई बार मनुष्य उसे अनदेखा कर फैसला करता है, जो नैतिक पतन का कारण बनता है। स्मरण रहे कि ईश्वर ने हमें सिर्फ सुख भोगने के लिए ही इस संसार में नहीं भेजा है। इसीलिए केवल भौतिक सुखों के लिए नैतिकता का परित्याग करना उचित नहीं। इसका एक कारण यही है कि अब हमने अपने अंतःकरण की आवाज को अनसुना करना आरंभ कर दिया है। हमें यह पता होता है कि अमुक कार्य नैतिक रूप से सही नहीं, लेकिन सुख के लिए वह कार्य करने से संकोच नहीं करते। इसमें अक्सर दूसरे के हितों की बलि चढ़ जाती है। स्वाभाविक है कि इससे टकराव बढ़ेगा।

# बिना चिंतन के कीर्तन का कोई लाभ नहीं



संकलित

## प्रेरणा

राजा के मन में आया कि अगर मैं भी भागवत की कथा सुन लूं तो मेरा भी कल्याण हो जाएगा। राजा ने एक पण्डित जी से बात की। पण्डित जी भागवत सुनाने के लिए तैयार हो गए। निश्चित समय पर भागवत-कथा आरंभ हुई। सात दिन बीतने पर कथा समाप्त हुई। दूसरे दिन राजा ने पण्डितजी को बुलाया और कहा- पण्डित जी ! न तो आपने भागवत सुनाने में कोई कमी रखी, न मैंने सुनने में कोई कमी रखी, फिर भागवत सुनने पर कोई फर्क तो नहीं पड़ा, बात क्या है? पण्डित जी ने कहा- महाराज! इसका उत्तर तो मेरे गुरु जी ही दे सकते हैं। राजा ने कहा- आप अपने गुरुजी को आदरपूर्वक मेरे यहां ले आएं, हम उनसे पूछेंगे। राजा ने अपनी शंका गुरु जी के सामने रखी कि, भागवत सुनने पर भी मेरा कल्याण क्यों नहीं हुआ? गुरुजी ने राजा से कहा कि थोड़ी देर के लिए मुझे अपना अधिकार दे दो। राजा ने उनकी बात स्वीकार कर ली। गुरु जी ने आदेश दिया कि राजा और पण्डित जी दोनों को बांध दो। राजपुरुषों ने दोनों को बांध दिया। अब गुरुजी ने पण्डित जी से कहा कि, तुम राजा को खोल दो। और राजा से कहा- तुम पण्डित जी को खोल दो। दोनों ने उत्तर दिया कि हम बंधे है कैसे एक-दूसरे को खोल सकते हैं। गुरु जी ने कहा- महाराज! मैंने आपके प्रश्न का उत्तर दे दिया! राजा ने कहा- मैं समझा नहीं! गुरुजी बोले- जैसे खुद बंधा हुआ आदमी दूसरे को बन्धन-मुक्त नहीं कर सकता है, वैसे ही स्वयं ज्ञान को अपने अनुभव में उतारे बिना कोई दूसरे का कल्याण कैसे कर सकता है?

## अंतर्मन




## आज की पाती

### डिजिटल क्रांति का सच

आज का दौर डिजिटल क्रांति का है, लेकिन यही क्रांति अब बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य के लिए चुनौती बनती जा रही है। भारत में तेजी से बढ़ते इंटरनेट उपयोग और सस्ते डेटा ने जहां अवसरों के नए द्वार खोले हैं, वहीं यह बच्चों के लिए एक अदृश्य खतरा भी बनकर उभरा है। इकोनोमिक सर्वे 2025-26 ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि डिजिटल एडिक्शन और अत्यधिक स्क्रीन टाइम अब सार्वजनिक स्वास्थ्य जोखिम का रूप ले रहा है, क्योंकि स्मार्टफोन, सोशल मीडिया और गेमिंग प्लेटफॉर्म बच्चों के व्यवहार, सीखने की क्षमता और मानसिक संतुलन पर मापने योग्य प्रभाव डालने लगे हैं। यही नहीं, रिपोर्ट ने यह भी सुझाया है कि कम उम्र के उपयोगकर्ताओं की अधिक संवेदनशीलता को देखते हुए सोशल मीडिया के लिए आयु-आधारित सीमाएं तय करने पर विचार किया जाना चाहिए।

*- रोहित कुमार यादव*

## करंट अफेयर

# पूर्व मीडिया दिग्गज लाई को सोमवार को मिलेगी सजा



हांगकांग के लोकतंत्र समर्थक पूर्व मीडिया दिग्गज जिमी लाई को चीन द्वारा लागू राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत दिसंबर में दोषी ठहराए जाने के बाद सोमवार को सजा सुनाई जाएगी। अब बंद हो चुके 'एप्पल डेली' अखबार के संस्थापक लाई (78) को इस मामले में आजीवन कारावास तक की सजा हो सकती है। लाई के खिलाफ कार्रवाई की कुछ विदेशी सरकारों ने आलोचना की है। न्यायपालिका ने शुक्रवार को अपनी वेबसाइट पर जानकारी दी कि वह सोमवार को पूर्वाह्न 10 बजे सजा सुनाए जाने की कार्यवाही शुरू करेगी। लाई चीन की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी के मुखर आलोचक रहे हैं और उन्हें 2020 में राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत गिरफ्तार किया गया था। चीन पिछले वर्ष हुए सरकार विरोधी प्रदर्शनों के बाद शहर की स्थिरता के लिए इस कानून को आवश्यक मानता है। लाई के खिलाफ मुकदमे को व्यापक पैमाने पर हांगकांग में प्रेस की स्वतंत्रता के पतन के एक संकेतक के रूप में देखा गया है। लाई को सजा सुनाए जाने से चीन और विदेशी सरकारों के बीच तनाव पैदा हो सकता है। लाई की दोषसिद्धि की अमेरिका और ब्रिटेन ने आलोचना की थी। लाई को विदेशी ताकतों के साथ मिलीभगत कर राजद्रोहपूर्ण लेख प्रकाशित करने की साजिश रचने का दोषी पाया गया।

## ऑफ बीट

# चार लाख साल पहले ग्रीनलैंड हरा-भरा था



लगभग 400,000 साल पहले, ग्रीनलैंड के बड़े हिस्से बर्फ-मुक्त थे। द्वीप की उत्तर-पश्चिमी उच्चभूमि पर झाड़ीदार टुंड्रा सूर्य की किरणों का आनंद लिया करता था। साक्ष्य बताते हैं कि कीड़ों से गुलजार स्प्रूस पेड़ों का जंगल, ग्रीनलैंड के दक्षिणी हिस्से में फैला हुआ था। उस समय वैश्विक समुद्र का स्तर बहुत अधिक था, आज के स्तर से 20 से 40 फुट ऊपर। दुनिया भर में, वह भूमि जो आज करोड़ों लोगों का घर है, पानी में डूबी हुई थी। वैज्ञानिक काफी समय से जानते हैं कि ग्रीनलैंड की बर्फ की चादर पिछले दस लाख वर्षों में किसी न किसी समय गायब हो गई थी, लेकिन निश्चित रूप से नहीं कह सकते कि यह कब गायब हुई थी। ग्रीनलैंड की बर्फ की चादर के लगभग एक मील मोटे हिस्से के नीचे से शीत युद्ध के दौरान निकाली गई जमी हुई मिट्टी का उपयोग करके तारीख निर्धारित की। समय - लगभग 416,000 वर्ष पहले, जिसमें बड़े पैमाने पर बर्फ-मुक्त स्थितियाँ 14,000 वर्षों तक चलीं - महत्वपूर्ण है। उस समय, पृथ्वी और इसके प्रारंभिक मानव सबसे लंबे अंतर-हिमनद काल से गुजर रहे थे क्योंकि बर्फ की चादरें 25 लाख वर्ष पहले उच्च अक्षांशों को ढके हुए थीं।

## ट्रेंड

### ऐतिहासिक समझौता



यह एक ऐतिहासिक समझौता है, जो विशेष रूप से पूर्वी नागालैंड के विकास पथ को गति प्रदान करेगा। मुझे पूरा विश्वास है कि इससे लोगों के लिए अवसरों और समृद्धि के नए द्वार खुलेंगे। यह पूर्वोत्तर में शांति, प्रगति और समावेशी विकास के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### 'भारत विस्तार' प्लेटफार्म



किसानों की उत्पादकता बढ़ाने और उनकी आजीविका में सुधार लाने के लिए हमने एआई के उपयोग का फैसला किया है। 'भारत विस्तार' प्लेटफार्म भी हम बना रहे हैं, जिस पर बीज, खाद, दवा और योजनाओं के सवाल और समाधान सब मिल जाएगा।

**-शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषि मंत्री**

### सार्थक विकास



विकास वही सार्थक होता है जो अपनी सभ्यता, अपनी संस्कृति के मूल्यों का संरक्षण और सम्मान करते हुए हमें नित नए सोपान की ओर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित कर सके।

**-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र**

### शिक्षा विरोधी सोच



भाजपा की शिक्षा विरोधी सोच ही सरकारी स्कूलों को बंद करवा रही है। भाजपाई जानते हैं कि शिक्षा से लोगों में जागरूकता और वैज्ञानिक चेतना आती है जो भाजपा की दक़ियानूसी, रूढ़िवादी, संकीर्ण सोच और तंग नज़रिये को उखाड़ फेंकने का काम करेगी।

**-अखिलेश यादव, सांसद, सपा**

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# अमेरिका से भिड़ंत आज, जीत के साथ खिताबी सफर शुरू करने उतरेगा भारत

## टी-20 विश्व कप का महामुकाबला शाम 7 बजे से

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सितारों से सजी भारतीय टीम टी20 विश्व कप में शनिवार को आत्मविश्वास से ओतप्रोत अमेरिका के खिलाफ अपने अभियान का आगाज करेगी तो खिताब बरकरार रखने वाली पहली टीम बनने का इरादा जेहन में और क्रिकेटप्रेमियों की अपेक्षाओं का बोझ कंधों पर रहेगा। टी20 विश्व कप 2024 जीतने वाली भारतीय टीम के दो मजबूत स्तंभ विराट कोहली और रोहित शर्मा भले ही इस प्रारुप से विदा ले चुके हों लेकिन भारतीय टीम अभी भी सबसे दमदार दावेदार है।

भारत ने उसके बाद से 9 श्रृंखलाएं जीती हैं, जिनमें पिछले साल एशिया कप में मिली जीत शामिल है। पिछले पूरे साल खराब फॉर्म से जूझते रहे कप्तान सूर्यकुमार यादव का बल्ला भी अब खामोश नहीं है, जिससे रही सही कसर भी पूरी हो गई। ईशान किशन ने विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर जबर्दस्त फॉर्म के साथ वापसी की है। ईशान और अभिषेक शर्मा की जोड़ी से भारतीय टीम को काफी उम्मीदें हैं चूंकि दोनों का प्रदर्शन अभी तक जबर्दस्त रहा है।

### सूर्यकुमार की टीम परिपक्व और संतुलित

भारत की तुलना 2007 वनडे विश्व कप की आस्ट्रेलियाई टीम से की जा रही है हालांकि दोनों प्रारुप अलग है लेकिन सूर्यकुमार की टीम हर विभाग में परिपक्व और संतुलित दिख रही है। सूर्यकुमार का फॉर्म में लौटना, मध्यक्रम में तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या जैसा हरफनमौला, शिवम दुबे और अक्षर पटेल जैसे धुरंधरों की मौजूदगी बल्लेबाजी को मजबूत बनाती है। रिंकू सिंह जैसा फिनिशर भी भारत के पास है। वहीं तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का कार्यभार प्रबंधन विश्व कप को देखते हुए बड़ी समझदारी के साथ किया गया है। उनके साथ अर्शदीप सिंह नई गेंद संभालेंगे। कुलदीप यादव और वरुण चक्रवर्ती के रूप में भारत के पास इस प्रारुप में दुनिया के दो सर्वश्रेष्ठ स्पिनर हैं लेकिन असल चुनौती ओस की होगी।



### अमेरिकी टीम में कई जाने माने चेहरे

अमेरिकी टीम में कई जाने माने चेहरे दिख जाएंगे। इसी मैदान पर कभी उन्होंने शुभम रंजने, हरमीत सिंह और सौरभ नेत्रवलकर के साथ ड्रेसिंग रूम साझा किया था। पिच और हालात की जानकारी का तीनों 'मुंबईकर' अमेरिकी खिलाड़ियों को अतिरिक्त फायदा मिलेगा। अमेरिका ने पिछली बार अपनी सह मेजबानी में हुए टी20 विश्व कप में पूर्व चैंपियन पाकिस्तान को हराकर सुपर आठ में जगह बनाई थी और भारत को भी कड़ी चुनौती दी थी। अमेरिकी टीम ने पिछले साल 9 में से 8 मैच जीते हैं और टी20 विश्व कप से पहले श्रीलंका में तीन सप्ताह के शिविर में भाग लिया है। कप्तान मोनांक पटेल ने बल्लेबाजी में कमाल किया है और उन्हें साइतेजा मुक्कमल्ला तथा मिलिंद कुमार से पूरा सहयोग मिला। गेंदबाजी में नेत्रवलकर, हरमीत और रंजने अहम होंगे। दूसरे अभ्यास मैच में न्यूजीलैंड को कड़ी चुनौती देने वाली अमेरिकी टीम सिर्फ सात रन से हारी थी।

### टीमें इस प्रकार

भारत : सूर्यकुमार यादव (कप्तान), ईशान किशन, संजू सैमसन, अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, अक्षर पटेल, शिवम दुबे, हार्दिक पंड्या, वाशिंगटन सुंदर, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, हर्षित राणा,वरुण चक्रवर्ती।

अमेरिका : मोनांक पटेल (कप्तान ), आंद्रिस गौस, साइतेजा एम, शायन जहांगीर, हरमीत सिंह, शेहान जयसूर्या, संजय कृष्णमूर्ति, मिलिंद कुमार, मोहम्मद मोहसिन, शुभम रंजने, शाडले वान शाकविक, अली खान, जसदीप सिंह, नोस्तुश केनिजे, सौरभ नेत्रवलकर।

## खबर संक्षेप



### टी-20 विश्व कप से बाहर हेजलवुड

**मेलबर्न।** अपने प्रमुख खिलाड़ियों की फिटनेस समस्याओं से जूझ रही आस्ट्रेलियाई टीम को करारा झटका लगा जब स्टार तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड हैमस्ट्रिंग चोट से समय पर उबर नहीं पाने के कारण टी20 विश्व कप से बाहर हो गए। आस्ट्रेलिया उनके विकल्प की घोषणा नहीं करेगा। क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने पहले कहा था कि हेजलवुड टूर्नामेंट के बीच में या आखिर में टीम से जुड़ेंगे । टी20 विश्व कप भारत और श्रीलंका में शनिवार से शुरू हो रहा है। चयनकर्ता टोनी डोडेमेड ने कहा ,'हमें उम्मीद थी कि जोश सुपर आठ चरण तक फिट हो जाएंगे लेकिन ताजा संकेत मिले हैं कि उसे फिट होने में समय लगेगा और जल्दबाजी करना जोखिमभरा हो सकता है।' उन्होंने कहा,' हम किसी विकल्प की तुरंत घोषणा नहीं करेंगे। बाद में जरुरत के समय देखा जाएगा।' ग्रुप चरण में नाथन हिल्स और टिम डेविड उपलब्ध हो जाएंगे जबकि एडम जम्पा पहला मैच खेलेंगे।

### फोकस सुपर आठ में जगह बनाने पर : आगा

**कोलंबो।** पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आगा ने कहा कि भारत के खिलाफ मैच के बहिष्कार से जुड़ी बाहरी आवाजों पर ध्यान नहीं देकर उनकी टीम टी20 विश्व कप ग्रुप चरण के सारे मैच जीतकर सुपर आठ में जगह बनाने की कोशिश करेगी। पाकिस्तान ने 2009 में खिताब जीता था। सुरक्षा कारणों से भारत में खेलने से इनकार की वजह से विश्व कप से बाहर हुई बांग्लादेश टीम के प्रति एकजुटता दिखाते हुए पाकिस्तान ने 15 फरवरी को भारत के खिलाफ ग्रुप मैच खेलने से इनकार कर दिया है। यह पूछने पर कि वह हालात से कैसे निपटेंगे, सलमान ने कहा,' उस पर ध्यान नहीं देकर। हम एक टीम के रूप में उस पर बात नहीं करते और टीम से बाहर हो रही चीजों को नहीं देखते। हम यही कर सकते हैं। हम इस पर ध्यान नहीं देकर अपने प्रदर्शन पर फोकस करेंगे।'



### इंग्लैंड को 100 रन से हराया, वैभव प्लेयर ऑफ द मैच व प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट रहे

# अंडर-19 विश्व कप: सूर्यवंशी की यादगार पारी, भारत ने रिकॉर्ड छठी बार ट्रॉफी जीती

एजेंसी ▶▶ हरारे

क्रिकेट के नए 'वंडरकिड' वैभव सूर्यवंशी (175 रन, 80 गेंद, 15 छक्के) ने अंडर-19 विश्व कप के इतिहास की शायद सबसे प्रभावशाली पारी खेली जिससे भारत ने शुक्रवार को यहां फाइनल में इंग्लैंड को 100 रन से हराकर छठा खिताब अपने नाम किया। दिलचस्प बात है कि भारत ने पिछली बार 2022 में वेस्टइंडीज में इंग्लैंड को हराकर ही खिताब जीता था। भारत ने इससे पहले 2000, 2008, 2012, 2018 और 2022 में आईसीसी ट्रॉफी जीती थी जो टूर्नामेंट के इतिहास में देश के दबदबे को दिखाता है। दसवीं बार फाइनल में पहुंची भारतीय टीम ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए सूर्यवंशी के शतक से नौ विकेट पर 411 रन का रिकॉर्ड स्कोर खड़ा किया। चौदह साल के सूर्यवंशी ने यादगार पारी खेली और महज 55 गेंद में तीन अंक का आंकड़ा छूकर इस टूर्नामेंट में दूसरा सबसे तेज शतक लगाने वाले खिलाड़ी बन गए। यह अंडर-19 विश्व कप फाइनल में किसी खिलाड़ी का सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत स्कोर का रिकॉर्ड है और टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में यह टीम का सबसे बड़ा स्कोर भी है। भारतीय गेंदबाजी आक्रमण के सामने इंग्लैड की टीम कालेब फाल्कोनर (115 रन, 67 गेंद) के शतक और सलामी बल्लेबाज बेन डॉकिन्स (66 रन) के अर्धशतक के बावजूद 40.2 ओवर में 311 रन ही बना सकी। सूर्यवंशी ने यह पारी तब खेली जब इसकी सबसे ज्यादा जरूरत थी। उन्होंने सिर्फ 32 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया और इसी अंदाज में खेलते हुए दूसरा अर्धशतक सिर्फ 23 गेंद में बना लिया। उनकी 175 रन की पारी में से 150 रन सिर्फ बाउंड्री से ही आए जिसमें 15 छक्के और इतने ही चौके शामिल थे। इस पारी के दौरान उन्होंने विपक्षी टीम के गेंदबाजों की पूरी तरह से धज्जियां उड़ा दी। अब उनके नाम युवा वनडे पारी में सबसे ज्यादा छक्के लगाने का रिकॉर्ड है।



**भारत-411/9 (50)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| आरोन जॉर्ज का मेयेस बो ग्रीन | 09 |
| वैभव का रियू बो लम्सडेन | 175 |
| आयुष म्हात्रे का मेयेस बो ग्रीन | 53 |
| वेदांत त्रिवेदी का मेयेस बो मिंटो | 32 |
| विहान का डॉकिन्स बो मिंटो | 30 |
| कुंडू का अलबर्ट बो मोर्गन | 40 |
| आरएस अंबरीश बो मिंटो | 18 |
| कनिष्क चौहान नाबाद | 37 |
| खिलन पटेल का मूर्स बो मोर्गन | 03 |
| हेनिल पटेल रन आउट | 05 |
| दीपेश देवेंद्रन नाबाद | 00 |

अतिरिक्त : 09

कुल योग : 50 ओवर में नौ विकेट पर 411 रन

विकेट पतन : 1-20, 2-162, 3-251, 4-302, 5-308, 6-359, 7-367, 8-375, 9-393

गेंदबाजी: सेबेस्टियन मोर्गन 9-0-74-2, एलेक्स ग्रीन 5-0-49-2, मैनी लम्सडेन 8-0-81-1, जेम्स मिंटो 8-0-63-3, फरहान अहमद 10-0-77-0, राल्फी अलबर्ट 10-0-66-0

**इंग्लैंड-311/10 (40.2)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| बेन का खिलन पटेल बो म्हात्रे | 66 |
| जोसफ मूर्स बो अंबरीश | 17 |
| बेन का पटेल बो खिलन पटेल | 45 |
| रियू का म्हात्रे बो चौहान | 31 |
| कालेब का पटेल बो चौहान | 115 |
| राल्फी अलबर्ट रन आउट | 00 |
| फरहान का कुंडू बो दीपेश | 01 |
| मोर्गन का एवं बो दीपेश | 00 |
| जेम्स मिंटो का सब बो अंबरीश | 28 |
| मैनी का वेदांत त्रिवेदी बो अंबरीश | 03 |
| एलेक्स ग्रीन नाबाद | 00 |

अतिरिक्त : 05

कुल योग : 40.2 ओवर में 311 रन पर सभी आउट

विकेट पतन : 1-19, 2-93, 3-142, 4-174, 5-174, 6-177, 7-177, 8-269, 9-281

गेंदबाजी: अंबरीश 9-1-56-3, हेनिल पटेल 4-2-28-0, दीपेश देवेंद्रन 6-0-64-2, खिलन पटेल 8-0-66-1, कनिष्क चौहान 8.2-0-63-2, आयुष म्हात्रे 5-0-31-1

### वैभव ने तोड़ा 18 साल पुराना रिकॉर्ड

वैभव ने इंग्लैंड के खिलाफ फाइनल में अपनी पारी के दौरान 15 छक्के लगाए और वो अंडर 19 वर्ल्ड कप की एक पारी में सबसे ज्यादा सिक्स लगाने वाले बैटर बने। वैभव ने 18 साल पुराने ऑस्ट्रेलिया के बैटर माइकल हिल का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने साल 2008 में नामिबिया के खिलाफ अपनी पारी के दौरान 12 छक्के लगाए थे। इस लिस्ट में ऑस्ट्रेलिया के ही क्रेग सिमंस हैं, जिन्होंने साल 2002 में केन्या के खिलाफ अपनी पारी में 11 छक्के लगाए थे।

### यूथ वनडे में सबसे ज्यादा रन वैभव के नाम

वैभव 175 रन की पारी खेलने के बाद यूथ वनडे में भारत की तरफ से सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर बन गए। वैभव के नाम पर अब यूथ वनडे में 25 मैचों में 1412 रन हो गए हैं और वो विजय जोल से आगे निकल गए, जिनके नाम पर यूथ वनडे में 36 मैचों में 1404 रन दर्ज थे।

## आदर्श राम ज्योति शंकर ने एशियाई इंडोर चैंपियनशिप में ऊंची कूद में कांस्य जीता

**तियानजिन (चीन)।** आदर्श राम ज्योति शंकर ने शुक्रवार को यहां शुरू हुई 12वीं एशियाई इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पुरुषों की ऊंची कूद में कांस्य पदक जीतकर भारत की लाज बचाई। शंकर ने 2.19 मीटर की सर्वश्रेष्ठ छलांग लगाकर तीसरा स्थान हासिल किया। कांस्य पदक जीतने के बाद शंकर ने कहा, ''भुवनेश्वर के इंडोर स्टेडियम में पखवाड़े भर के प्रशिक्षण शिविर ने इंडोर प्रतियोगिता की बुनियादी बातें सीखने में अहम भूमिका निभाई।'' भारतीय एथलीट ने 14 प्रतियोगियों के बीच धीरे-धीरे पदक के अपने लक्ष्य की ओर कदम बढ़ाए। प्रतियोगिता के आगे बढ़ने के साथ स्वर्ण पदक की दौड़ शंकर और जापान के दो एथलीटों के बीच सिमट गई। शंकर ने 2.15 मीटर की ऊंचाई दूसरे प्रयास में और 2.19 मीटर की ऊंचाई तीसरे प्रयास में पार की। उन्होंने अपने पदक का रंग बेहतर करने की कोशिश की लेकिन 2.23 मीटर पर तीनों प्रयास असफल रहे। जापान के सेको यूटो ने 2.23 मीटर की ऊंचाई के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि उनके हमवतन शिन्नो तोमोहीरो ने 2.19 मीटर के साथ रजत पदक अपने नाम किया। आउटडोर में राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक पुरुषों की त्रिकूद में भारत के प्रवीण चित्रावल पदक से चूक गए। चित्रावल ने अपने छठे और अंतिम प्रयास में 16.22 मीटर की छलांग के साथ चौथा स्थान हासिल किया। पुरुषों की त्रिकूद स्पर्धा में चीनी एथलीटों का दबदबा रहा। सु वेन ने 16.55 मीटर के साथ स्वर्ण, जबकि जियाओ शिनपिंग (16.47 मीटर) और मा यिंगलॉन्ग (16.45 मीटर) ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीते। महिलाओं की गोला फेंक स्पर्धा में भी चीन की एथलीटों का वर्चस्व रहा। भारत की योगिता 15.33 मीटर की दूरी के साथ चौथे स्थान पर रहीं। इससे पहले पुरुषों की 100 मीटर (आउटडोर) के पूर्व राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक फर्राटा धावक मणिकांता होब्लिधर 60 मीटर हीट में फाउल के कारण अयोग्य करार दिए जाने से अगले दौर में प्रवेश नहीं कर सके।

### टी-20 विश्व कप से बाहर हो सकते हैं राणा कृष्णा और सिराज को मिल सकता मौका

**मुंबई।** तेज गेंदबाज हर्षित राणा अभ्यास मैच के दौरान घुटने में चोट लगने के कारण टी20 विश्व कप से बाहर हो सकते हैं और कप्तान सूर्यकुमार यादव ने स्वीकार किया कि राणा की स्थिति 'अच्छी नहीं' दिख रही है। सूर्यकुमार ने हालांकि राणा को अभी पूरी तरह से बाहर नहीं किया, लेकिन उनकी बातों से लगा कि मुख्य कोच गौतम गंभीर के पसंदीदा खिलाड़ियों में शामिल इस गेंदबाज के लिए समय पर ठीक होना मुश्किल है। भारतीय टीम विश्व कप में अपना अभियान शनिवार को अमेरिका के खिलाफ शुरू करेगी।

## बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप से बाहर भारतीय महिला टीम

**किंगदाओ।** पिछली चैंपियन भारतीय महिला टीम बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में शुक्रवार को दूसरे दर्जे की चीन की टीम से 0-3 से हारकर बाहर हो गई । भारत ने 2024 में इस टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा था लेकिन इस बार पीवी सिंधु के नहीं खेलने से भारत की संभावनाओं को धक्का लगा । टूर्नामेंट में इससे पहले दो मैच जीत चुकी दुनिया की 42वें नंबर की खिलाड़ी तन्वी शर्मा दसवीं रैंकिंग वाली गाओ फांग जि से एकतरफा मुकाबले में 9-21, 9-21 से हार गई। गायत्री गोपीचंद और त्रिसा जॉली की जोड़ी ने जुझारू खेल दिखाया लेकिन दुनिया की चौथे नंबर की जोड़ी जिया यि फान और झांग शू शियान से 22-24, 18-21 से पराजय का सामना करना पड़ा। रक्षिता रामराज दूसरे एकल में शू वेन जिंग से 70 मिनट के मुकाबले में 14-21, 21-15, 17-21 से हार गई। भारत ने टूर्नामेंट के पहले मुकाबले में म्यांमार को 5-0 से हराया था लेकिन थाईलैंड से 2-3 से हार गई थी। भारतीय पुरुष टीम क्वार्टर फाइनल में दक्षिण कोरिया से खेलेगी।




## राष्ट्रीय भारोत्तोलन चैंपियनशिप : ज्ञानेश्वरी ने जीता गोल्ड, कोयल ने ब्रेक किए 5 रिकॉर्ड

एजेंसी ▶▶ मोदीनगर

ज्ञानेश्वरी यादव ने राष्ट्रीय भारोत्तोलन चैंपियनशिप में 53 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक जीता, जबकि कोयल बोर ने युवा और जूनियर वर्गों में पांच राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़े।

अखिल भारतीय पुलिस का प्रतिनिधित्व करने वाली राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप की स्वर्ण पदक विजेता ज्ञानेश्वरी ने कुल 186 किलोग्राम (83 किलोग्राम + 103 किलोग्राम) भार उठाकर सीनियर वर्ग में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। पश्चिम बंगाल की कोयल ने कुल 185 किलोग्राम (83 किलोग्राम + 102 किलोग्राम) भार उठाकर ज्ञानेश्वरी से एक किलोग्राम कम भार उठाया और युवा वर्ग में तीन नए राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़े। उन्होंने स्नैच में 78 किलोग्राम, क्लीन एवं जर्क में 99 किलोग्राम और कुल भार में 175 किलोग्राम के पिछले रिकॉर्ड को पार किया। उन्होंने जूनियर वर्ग में भी दो राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाए।

इसमें स्नैच में 81 किलोग्राम और कुल भार में 181 किलोग्राम का रिकॉर्ड तोड़ना शामिल है। रेलवे खेल संवर्धन बोर्ड की वीरजीत कौर ने कुल 182 किलोग्राम (81 किलोग्राम + 101 किलोग्राम) भार उठाकर तीसरा स्थान हासिल किया।




**विश्व कप में दो स्पिनरों को खिलाने में संकोच नहीं: मुंबई।** कप्तान सूर्यकुमार यादव ने कहा कि अगर जरुरत पड़ी तो भारत टी20 विश्व कप में दो स्पिनरों को खिलाने से संकोच नहीं करेगा। उन्होंने साथ ही वरुण चक्रवर्ती और कुलदीप यादव को लेकर चयन की उलझन को 'बहुत अच्छा सिरदर्द' बताया।

### बाक्सेम एलीट इंटरनेशनल मुक्केबाजी टूर्नामेंट

## नीतू, प्रीति, सिंह की सेमीफाइनल में एंट्री, भारत के 19 पदक पक्के



एजेंसी ▶▶ ला नूसिया

पूर्व विश्व चैंपियन नीतू घंघास, एशियाई खेल कांस्य पदक विजेता प्रीति पवार और जादूमणि सिंह ने बाक्सेम एलीट इंटरनेशनल मुक्केबाजी टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया और भारतीय मुक्केबाजों ने 19 पदक पक्के कर लिए हैं। नए मुख्य कोच सैंटियागो नीवा के साथ भारतीय महिला टीम ने 12 पदक पक्के किए जबकि सात पुरुष मुक्केबाज भी अंतिम चार में पहुंचे। नीतू (51 किलो ) ने कनाडा की मैकेंजी राइट को सर्वसम्मति से हुए फैसले में हराया। वहीं 54 किलो में प्रीति ने स्पेन की मारिया गोंजालेस को हराया। पूनम ने 54 किलो में थाईलैंड की एन चोंगप्रोंगक्लांग को 5-0 से मात दी जबकि प्रिया (60 किलो) और प्रांजल (65 किलो) ने क्रमशः स्पेन की लौरा गालानो और चेक गणराज्य की विक्टोरी जिलकोवा को हराया। काजल ने 65 किलो में कजाखस्तान की अकबर इशानोवा को 4- से मात दी। पुरुष वर्ग में जादूमणि सिंह (55 किलो ) ने चीनी ताइपै के पेंग चिया फेंग को 5-0 से हराया।

### डेविस कप क्वालीफायर: आज भारत और नीदरलैंड में भिड़ंत

# नीदरलैंड के सामने तेज कोर्ट पर दक्षिणेश्वर का दबदबा तय !

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

मेजबान भारत डेविस कप क्वालीफायर पहले दौर के मुकाबले में शनिवार को नीदरलैंड से खेलेगा तो बेंगलुरु के तेज कोर्ट भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी सुमित नागल की बजाय दक्षिणेश्वर सुरेश को अधिक रास आएंगे। नागल कूल्हे की चोट के कारण बाहर हैं, जिसके कारण भारत की उम्मीदें दक्षिणेश्वर की टिकी है।

इस कोर्ट पर आक्रामक शॉट्स खेलने वाले खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन कर सकेंगे और दक्षिणेश्वर को इसमें महारत हासिल है। नागल तेजी से ठीक हो रहे हैं और अभ्यास के दौरान सहज दिखे लेकिन उनकी मैच फिटनेस के बारे में अभी कुछ कहना मुश्किल है। तेज रफ्तार वाले कोर्ट पर अगर मैच लंबी रेलियों में जाता है तो नागल की मूवमेंट और दमखम की परीक्षा हो सकती है।



### भांबरी की वापसी से भारतीय टीम मजबूत

युगल में युकी भांबरी की वापसी से भारतीय टीम मजबूत हुई है चूंकि उनके पास गहराई और अनुभव है। भांबरी युगल में एन. श्रीराम बालाजी के साथ खेलेंगे, जो रित्विक बोल्लिपल्ली की जगह खेल रहे हैं। उनका सामना सांड्रे एरेंड्स और डेविड पेल से होगा। इसमें हारने वाली टीम सितंबर में विश्व ग्रुप वन में लौटेगी जबकि विजेता टीम क्वालीफायर्स के दूसरे दौर में पहुंचेगी।

### नीदरलैंड के खिलाड़ी तेज कोर्ट में खेलने के अभ्यस्त

दक्षिणेश्वर पिछले साल स्विटजरलैंड में अहम एकल मुकाबला जीते थे, जिससे भारत ने विदेशी धरती पर ऐतिहासिक जीत दर्ज की थी। उन्होंने पहला मुकाबला जीतकर लय बनाई थी, जिसके बाद नागल ने दूसरा मैच जीता। नीदरलैंड के खिलाड़ियों को भी तेज कोर्ट रास आते हैं और उसके खिलाड़ी इस तरह के हालात में खेलने के अभ्यस्त हैं। शीर्ष एकल खिलाड़ी टालोन ग्रीकस्पूर (विश्व रैंकिंग 29) और बोटिच वान डे जैंडशल्प (67) की कमी हालांकि उसे खलेगी। ऐसे में भारत के लिए बराबरी का मौका रहेगा। नीदरलैंड टीम की अगुवाई 88वीं रैंकिंग वाले जेस्पर डे जोंग कर रहे हैं, जिन्होंने शीर्ष 30 में शामिल खिलाड़ियों को हराया है। वहीं 162वीं रैंकिंग वाले गाय डेन ओडेन डेविस कप में पदार्पण कर रहे हैं, जिन्हें इस स्तर पर खेलने का अनुभव नहीं है।

**उत्तर रेलवे**

**ई–नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे अंबाला कैंट भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए उत्तर रेलवे के अंबाला मंडल के रेलवे स्टेशनों पर अनुबंधों के आवंटन के लिए IREPS वेबसाइट पर ईऑक्शन के माध्यम से बोलियां आमंत्रित करते हैं।

| S. No. | Lot No. | Description | Lot Start Date Time |
|---|---|---|---|
| 1. | ADVT-Int-98543-3-26-2 | कालका–शिमला सेक्शन में चलने वाली कुल 05 ट्रेनों (ट्रेन नं. 52451/52,52453/54, 52455/56, 52457/58 & 52459/60 ) के कोचों के अंदरूनी हिस्से में विनाइल स्टिकर और बोर्ड के माध्यम से विज्ञापन के लिए व्यावसायिक विज्ञापन स्थान (कोच संरचना और विज्ञापन के लिए आयाम के अनुसार) | 13.02.2026 12.00.00 |
| 2 | PnU-UMB-MET-Toi-69-25-1 (Pay and Use-Toilets) | मलेरकोटला रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नं. 01 पर 01 पेय शुल्क आधारित शौचालय के संचालन एवं प्रबंधन। | 13.02.2026 12.00.00 |
| 3. | MSS-UMB-SRE RCR-66-26-1 | सहारनपुर रेलवे स्टेशन (अंबाला मंडल) पर रेल कोच रेस्टोरेंट की स्थापना और संचालन 05 वर्षों की अवधि के लिए (साइट–योजना के अनुसार) | 13.02.2026 12.00.00 |

नीलामी लीजिंग आमंत्रण सूचना, नीलामी प्रपत्र, एक बार पंजीकरण व अधिक जानकारी हेतु, रेलवे वेबसाईट www.ireps.gov.inपर जाये।

414/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ




## खबर संक्षेप

### रांची सिविल कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी



**रांची।** रांची सिविल कोर्ट को बम विस्फोट की धमकी वाला एक ईमेल मिला, जिससे कोर्ट परिसर और प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गया। जिसके बाद सुरक्षा एजेंसियां तुरंत अलर्ट हो गईं। धमकी की सूचना मिलते ही पुलिस और बम निरोधक दस्ते की टीम कोर्ट परिसर में पहुंची और व्यापक तलाशी अभियान चलाया गया। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय ने बताया कि ईमेल को गंभीरता से लेते हुए पूरे मामले की जांच शुरू कर दी गई है। तलाशी के दौरान किसी भी तरह की संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं हुई।

### रूसी सैन्य इंटेलिजेंस के डिप्टी चीफ पर फायरिंग



**नई दिल्ली।** रूस के सैन्य इंटेलिजेंस विभाग, जीआरयू, के प्रथम डिप्टी प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल व्लादिमीर एलेक्सेयेव पर शुक्रवार को जानलेवा हमला किया गया। पश्चिमोत्तर रूस में उनके अपार्टमेंट के बाहर अज्ञात बंदूकधारियों ने ताबड़तोड़ गोलियां चलाईं। जिसमें उन्हें हाथ, सीने और पैर में कई गोलियां लगीं। गंभीर हालत में उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। एलेक्सेयेव को यूक्रेन युद्ध में रूस को बढ़त दिलाने का श्रेय दिया जाता है। फूड डिलिवरी एजेंट बनकर अपार्टमेंट में घुसे हमलावर घटना के बाद मौके से भागने में सफल रहे।

## मलेशियाई प्रधानमंत्री अनवर बोले भारतीय पीएम को लेकर उत्साहित

# प्रधानमंत्री मोदी का दो दिवसीय मलेशिया दौरा प्रवासी भारतीय बोले- हमें उनका बेसब्री से इंतजार

*स्वागत में 1000 डांसर मंच पर एक नया कीर्तिमान स्थापित करेंगे*

*मलेशिया में भारतीय मूल के करीब 20 लाख लोग निवासरत*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर आज शनिवार को रवाना होंगे। प्रवासी भारतीय उनका बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इनमें वो कलाकार भी हैं जो पीएम मोदी के सम्मुख अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। भारतीय मूल के प्रदीप बत्रा ने कहा कि वो दस साल बाद प्रधानमंत्री मोदी को अपने सामने देखेंगे। 2015 में उन्होंने पीएम मोदी को साक्षात देखा था और तब से ही उनका इंतजार कर रहे थे।

इस दौरान उनके साथ मलेशियाई प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम भी मौजूद होंगे। वो बोले, हम उत्साहित हैं और ये हम सब भारतीयों के लिए हर्ष और गौरव का क्षण होगा। एक डांस ग्रुप की निदेशक कल्पना के अनुसार, वो पीएम मोदी को देखने के लिए उत्साहित हैं। वो भी 10 साल पहले उस ग्रुप का हिस्सा थी जिसने भारतीय प्रधानमंत्री के सामने भारतीय संस्कृति की सुघड़ प्रस्तुति दी थी। उन्होंने कहा, मलेशिया को पीएम मोदी से अगाध प्यार है और उनके स्वागत को वो तत्पर हैं। मलेशिया में भारतीय मूल के लोग बड़ी तादाद में हैं। इस टूर के दौरान प्रधानमंत्री के स्वागत में एक बड़े सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा जिसमें शास्त्रीय और लोक कला में माहिर कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। 800 से 1000 डांसर मंच पर एक नया कीर्तिमान स्थापित करेंगे। पीएम का इंतजार कर रही एक नृत्यांगना ने कहा, मोदीजी अब इंसान ही नहीं, एक ब्रांड बन गए हैं। हमें खुशी है कि हम ऐतिहासिक पलों के साक्षी बनेंगे। हम उमंग से भरे हैं। ये दौरा यहां रहने वाले प्रवासियों के योगदान को रेखांकित करेगा। लोग उम्मीद करते हैं कि यह सांस्कृतिक, आर्थिक और राजनीतिक संबंधों को प्रगाढ़ करेगा। उनके स्वागत को हम आतुर हैं। कलाकार दीपा राजेंद्रन ने कहा कि पीएम तीन महीने पहले आने वाले थे लेकिन फिर वो दौरा रद्द हो गया था। इससे हम काफी निराश हुए थे लेकिन अब काफी उत्साहित हैं। एक ही प्रस्तुति में भारत के विभिन्न रंग दिखाने की कोशिश है।



**»** ***मोदीजी अब इंसान ही नहीं, एक ब्रांड बन गए हैं : नृत्यांगना***

**»** ***सेमीकंडक्टर क्षेत्र में एक अहम समझौते पर हस्ताक्षर संभव***

### वाइब्रेंट इंडिया की मिलेगी झलक

मलेशिया में वाइब्रेंट इंडिया की झलक मिलेगी। मलेशिया भरतनाट्यम डांस एसोसिएशन की अध्यक्ष गायत्री सी रमेश के अनुसार, हम पीएम मोदी से मिलने को काफी आतुर हैं। एक ही डांस पीस में हम भारत की भव्यता को दर्शाएंगे। अलग-अलग नृत्य शैलियों को एक ही पीस में बुना गया है। बता दें कि पीएम मोदी 7-8 फरवरी को मलेशिया की 2 दिन की आधिकारिक यात्रा पर होंगे। दौरा अगस्त 2024 में भारत-मलेशिया संबंधों को समग्र रणनीतिक साझेदारी तक बढ़ाने के बाद हो रहा है। इस दौरान व्यापार, निवेश, रक्षा और सुरक्षा सहयोग के साथ-साथ सेमीकंडक्टर क्षेत्र में साझेदारी को लेकर एक अहम समझौते पर हस्ताक्षर होने की संभावना है।

### सेमीकंडक्टर और रेयर अर्थ में बड़ा बूस्ट मिलेगा

मलेशिया में सेमीकंडक्टर और रेयर अर्थ एलीमेंट्स (आरईई) में सहयोग पर खास फोकस रहेगा। यूनियन बजट 2026 में घोषित सेमीकंडक्टर मिशन 2.0 और आरईई कॉरिडोर्स के बाद यह यात्रा रणनीतिक रूप से अहम मानी जा रही है। मलेशिया दुनिया का प्रमुख आरईई प्रोसेसिंग हब है और भारत को टेक्नोलॉजी व निवेश का फायदा मिल सकता है। इससे सप्लाई चेन मजबूत होगी, चीन पर निर्भरता 20-30% तक घट सकती है। ईवी, रिन्यूएबल एनर्जी और डिफेंस सेक्टर को भी बड़ा बूस्ट मिलेगा। दोनों देश व्यापार को 25 अरब डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य रख रहे हैं।

## ईरान पर युद्ध के बादल? सरकार हाथ पर हाथ रखकर नहीं बैठी...

# ईरान में रहने वाले सभी 10 हजार भारतीय पूरी तरह से हैं 'सुरक्षित'



### जयशंकर ने कहा- घबराने की कोई जरूरत नहीं है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ईरान में बढ़ते तनाव के बीच वहां मौजूद भारतीयों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ रही थी। इस बीच विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने लोकसभा में बड़ा बयान देकर स्थिति साफ कर दी है। उन्होंने देश को भरोसा दिलाया है कि ईरान में मौजूद सभी भारतीय पूरी तरह सुरक्षित हैं। सरकार वहां के हालात पर 'क्लास वॉच' रख रही है। जयशंकर ने स्पष्ट किया कि फिलहाल वहां से लोगों को निकालने के लिए किसी विशेष अभियान की जरूरत नहीं है। ईरान का 'एयरस्पेस' खुला है और उड़ानें सामान्य रूप से चल रही हैं। तेहरान में मौजूद भारतीय दूतावास लगातार छात्रों और नागरिकों के संपर्क में है। विदेश मंत्री ने संसद को बताया कि ईरान में करीब 9 से 10 हजार भारतीय नागरिक मौजूद हैं। सरकार उनकी सुरक्षा को लेकर पूरी तरह सतर्क है। इनमें बड़ी संख्या में स्टूडेंट्स, कामगार, तीर्थयात्री, टूरिस्ट और बिजनसमैन शामिल हैं। तेहरान में स्थित इंडियन एंबेसी इन सभी से नियमित संपर्क में है। उन्हें जरूरी सुरक्षा सलाह दी जा रही है ताकि वे किसी मुसीबत में न फंसें। जयशंकर ने संसद में कहा कि अभी पैनिक करने या घबराने की कोई जरूरत नहीं है। स्थिति नियंत्रण में है। ईरान का एयरस्पेस अभी खुला हुआ है। भारत और क्षेत्रीय देशों के लिए 'रेग्यूलर फ्लाइट' ऑपरेट हो रही हैं। चूंकि कमर्शियल फ्लाइट्स चल रही हैं, इसलिए सरकार को अभी किसी रेस्क्यू मिशन की जरूरत नहीं लगती। जो भारतीय वतन वापस आना चाहते हैं, उन्हें उपलब्ध कमर्शियल फ्लाइट्स का उपयोग करने की सलाह दी गई है।

### » ईरानी विदेश मंत्री से सीधी बात

सरकार हाथ पर हाथ रखकर नहीं बैठी है। कूटनीतिक स्तर पर भी बातचीत जारी है। 14 जनवरी को एस. जयशंकर ने ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची से फोन पर बात की थी। दोनों नेताओं ने मौजूदा हालात पर चर्चा की। सरकार ने 5 और 14 जनवरी 2026 को 'ट्रेवल एडवाइजरी' जारी की थी। इसमें भारतीयों को गैर-जरूरी यात्रा से बचने और वहां मौजूद लोगों को सतर्क रहने को कहा गया था।

## बांग्लादेश:चुनाव प्रचार के दौरान हुई घटना

# रोहिंग्या कैंप में धुआंधार फायरिंग 13 साल के बच्चे समेत 5 घायल

एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश के कॉक्स बाजार के टेकनाफ उपजिला में अली खली रोहिंग्या कैंप इलाके में चुनाव प्रचार के दौरान अज्ञात हमलावरों की गोलीबारी में एक बच्चे सहित पांच लोग घायल हो गए।

स्थानीय मीडिया ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। यह घटना गुरुवार, 5 फरवरी को रात करीब 8:30 बजे अली खली रोहिंग्या कैंप के कैंप-25 के ब्लॉक ए/04 में हुई। टेक्नाफ मॉडल पुलिस स्टेशन के ऑफिसर-इन-चार्ज (ओसी) मोहम्मद सैफुल इस्लाम ने घटना की पुष्टि की है। घायलों में दो रोहिंग्या और तीन बांग्लादेशी नागरिक शामिल थे। चश्मदीदों के मुताबिक, गुरुवार रात अली खली इलाके में एक ट्रक पर चुनाव प्रचार किया जा रहा था। वाहन के पास कई लोग जमा हो गए, तो कुछ हमलावरों ने ट्रक पर गोलीबारी कर दी, जिससे पांच लोग घायल हो गए।



## उत्तराखंड-नेपाल बॉर्डर पर दर्दनाक हादसा

# बारात की बस खाई में गिरीः 13 की मौत, 25 घायल, 5 गंभीर

गंभीर घायलों को धनगढी रेफर किया गया

एजेंसी ▶▶ पिथौरागढ़

उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले की सीमा से सटे नेपाल के बैतडी जिले में गुरुवार रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। बैतडी से बजांग जा रही बारात की बस पुरचूंणी नगरपालिका-7 के बड़गांव मोड़ पर अनियंत्रित होकर लगभग 150 मीटर गहरी खाई में गिर गई। हादसे में 13 बारातियों की मौके पर व इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि 34 लोग घायल हो गए। घायलों में कई की हालत गंभीर बताई जा रही है। बस संख्या सु.प.प्र. 02001 ख 1119 पुरचूंणी के भवने गांव से दुल्हन लेकर बजांग के सुनकुडा जा रही थी। जिला प्रहरी कार्यालय बैतडी के प्रवक्ता प्रहरी निरीक्षक बलदेव बडू के अनुसार, रात्रि में नेपाल एपीएफ, पुलिस और स्थानीय लोगों ने संयुक्त रूप से रेस्क्यू अभियान चलाया। 6 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, 5 की डडेलधुरा अस्पताल और 2 की कोटिला अस्पताल में इलाज के दौरान मृत्यु हुई। हादसे के बाद 25 घायलों को डडेलधुरा अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि 5 गंभीर घायलों को धनगढी रेफर किया गया। बस चालक वीरेंद्र बुढा को पुलिस ने हिरासत में लिया है। प्रारंभिक जांच में बस में क्षमता से अधिक सवारियां होने और चढ़ाई पर वाहन के अनियंत्रित होने को हादसे का कारण बताया गया है।



### घटती जन्मदर से घबराया चीन, बच्चे पैदा करने कहा

**बीजिंग।** चीन कभी अपनी एक बच्चा नीति को लेकर बेहद सख्त रहा है। लेकिन अब वह इस रवैये में बदलाव ला रहा है। महिलाओं से ज्यादा बच्चे पैदा करने की अपील की जा रही है। रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। अब देश में महिलाओं पर अधिक बच्चे पैदा करने का दबाव डाला गया है। ऐसा इसलिए क्योंकि जनसंख्या में भारी गिरावट देखी गई है। जनवरी में जारी आधिकारिक आंकड़ों पर नजर डालें तो स्थिति स्पष्ट होती है।

### अब अमेरिका की मोस्ट वॉन्टेड क्रिमिनल लिस्ट में 89 भारतीय

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिका के होमलैंड सिक्योरिटी विभाग (डीएचएस) द्वारा जारी 'सबसे बुरे' अपराधियों की सूची में कम से कम 89 भारतीय मूल के व्यक्ति शामिल पाए गए हैं। ट्रंप प्रशासन ने हाल ही में एक सार्वजनिक डेटाबेस लॉन्च किया है, जिसमें अमेरिका में मौजूद लगभग 25,000 ऐसे अवैध प्रवासियों का विवरण दिया गया है जिन्होंने हत्या, यौन अपराध और ड्रग तस्करी जैसे संगीन जुर्म किए हैं। इस डेटाबेस में अपराधियों के नाम, फोटो, उनके द्वारा किए गए अपराध और उनकी राष्ट्रीयता को सार्वजनिक किया गया है।

### ग्रीस के रक्षा मंत्री निकोस डेंडियास चार दिवसीय भारत यात्रा पर पहुंचे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ग्रीस के रक्षा मंत्री निकोस डेंडियास शुक्रवार को चार दिवसीय भारत यात्रा पर पहुंचे हैं। वे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के बुलावे पर भारत आए हैं। भारत यात्रा के दौरान उनकी रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ द्विपक्षीय मसलों पर बैठकें होनी हैं। निकोस के भारत दौरे का मूल मकसद आपसी रक्षा सहयोग में और मजबूती लाना और क्षेत्रीय सुरक्षा से जुड़े विषयों पर साझा रणनीति पर विचार करना है। यह ऐसी चीज है, जो तुर्की को भीतर ही भीतर सुलगा सकता है। ग्रीस के रक्षा मंत्री निकोस डेंडियास 9 फरवरी तक भारत में रहेंगे।

## मोदी के नेतृत्व में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा भारत

# भारत एक बड़ी आर्थिक शक्ति, किसी भी देश के लिए इसे नजरअंदाज करना मुश्किलः पोलैंड के उपविदेश मंत्री

भारत के साथ न केवल व्यापार बल्कि उत्पादन में भी रुचि

पोलैंड के उप विदेश मंत्री व्लादिस्लाव बार्टोशेव्स्की का कहना है कि भारत एक बड़ी आर्थिक शक्ति है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का लक्ष्य लेकर चल रहा है

**खास बातें**

- एफटीए होना, डील न होने से बेहतर
- ऊर्जा भंडारण में भी रखते हैं रुचि
- डिजिटल टेक्नोलॉजी में काफी एडवांस

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पोलैंड के उप विदेश मंत्री व्लादिस्लाव बार्टोशेव्स्की ने शुक्रवार को कहा कि भारत एक बड़ी आर्थिक शक्ति है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का लक्ष्य लेकर चल रहा है। ऐसे में किसी भी देश के लिए ऐसी अर्थव्यवस्था को नजरअंदाज करना मुश्किल है। एक न्यूज एजेंसी से बातचीत करते हुए पोलैंड के उप विदेश मंत्री व्लादिस्लाव बार्टोशेव्स्की ने कहा, भारत एक बड़ी आर्थिक शक्ति है और मौजूदा समय में जीडीपी के मामले में दुनिया में चौथे स्थान पर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का लक्ष्य लेकर चल रहा है। साथ ही यह 1.5 अरब लोगों का बड़ा बाजार है और ऐसे में किसी भी देश के लिए इसे नजरअंदाज करना मुश्किल है। भारत-अमेरिका ट्रेड डील पर बार्टोशेव्स्की ने कहा कि एफटीए होना, डील न होने से बेहतर है। सामान्यतः टैरिफ किसी भी देश के लिए समृद्धि नहीं लाते, क्योंकि जब आयातकर्ता लागत को उपभोक्ताओं तक पहुंचाते हैं तो अंततः इनका बोझ उपभोक्ताओं पर ही पड़ता है। शुल्क जितना कम होगा, उतना ही बेहतर होगा।



### *संयुक्त उत्पादन पर भी कर रहे विचार*

*हम संभवतः पोलैंड में संयुक्त उत्पादन और भारत में 'मेक इन इंडिया' के तहत संयुक्त उत्पादन पर भी विचार कर रहे हैं। उन्होंने आगे बताया कि हम ग्रीन टेक्नोलॉजी पर बातचीत कर रहे हैं, जिनमें भारत की भी रुचि है। जल उपचार में हम काफी उन्नत हैं। जहां तक मुझे याद है, मुंबई में एक पोलिश कंपनी सीवेज प्रबंधन का काम कर रही है। हम अपने ऊर्जा क्षेत्र को कोयले से नवीकरणीय स्रोतों, जिनमें परमाणु ऊर्जा भी शामिल है, की ओर तेजी से बढ़ रहे हैं।*




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28